राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 158 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या छह हजार पार



**नई दिल्ली।** देश में तेजी से फैल रहे कोरोना ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अलर्ट पर है। मंत्रालय के मुताबिक, आज 8:00 बजे तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6133 हो गई है । पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 379 नए मरीज आए और छह मरीजों की मौत हुई है। मृतकों में दो कर्नाटक, तीन केरल और एक तमिलनाडु का व्यक्ति है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या सबसे अधिक 1950, फिर गुजरात जहां 822 से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इसके बाद दिल्ली, जहां 686 सक्रिय मामले रिपोर्ट किए गए है। इसका कारण कोराना के वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 को बताया जा रहा है। जेएन.1 अभी भी प्रमुख स्ट्रेन बना हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर स्वच्छता बनाए रखने की चेतावनी दी है। जिन वयस्कों को पहले से ही कोई बीमारी है उनमें वायरस का खतरा अधिक हो सकता है।

## मेरठ शहर में नमो भारत ट्रैक पर दौड़ेंगी मेट्रो, शहर के उद्योग को मिलेंगे पंख

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) ट्रेन अब मेरठ के अंदरुनी हिस्सों में पहुंचने वाली है। नमो भारत के नाम से पहचान बनाने वाली इस ट्रेन के रूट पर मेरठ शहर में अब मेट्रो भी चलेगी। जिससे शहर के खेल उद्योग सहित अन्य उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और दिल्ली तक पहुंच बेहद आसान व तीव्र हो जाएगी। मेरठ शहर में 23 किमी लंबा रूट तैयार होगा। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन का मेरठ की तरफ अगला स्टेशन शताब्दी नगर है, जो संचालन के लिए तैयार हो रहा है। खास बात है कि मेरठ साउथ से ही मेट्रो भी संचालित होनी है। परतापुर और रिठानी, मेरठ साउथ से शताब्दी नगर के बीच में दो मेट्रो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों पर नमो भारत का स्टॉप नहीं होगा और केवल मेट्रो ट्रेन रुकेंगी। शताब्दी नगर के बाद नमो



भारत का अगला स्टेशन बेगमपुल है, जिसे मेरठ का दिल भी कहा जाता है। मेरठ में कई तरह के उद्योग हैं, जिनमें खेलों से जुड़ा सामान जैसे क्रिकेट बैट विश्व प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा कई तरह के खेल उपकरण भी मेरठ में ही बनाए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि मेरठ के परतापुर और रिठानी में कई औद्योगिक इकाइयां हैं। इस क्षेत्र में खेलों से जुड़े कई तरह के उपकरण भी बनाए जाते हैं, जिनकी सप्लाई न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों तक है। साथ ही जूते बनाने वाली कंपनियां भी यहां हैं, जो देश के कई हिस्सों में अपना सामान भेजती हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्षेत्र में दूध की एक बड़ी कंपनी का प्लांट है, जिसका संचालन सहकारी समिति करती है। इस प्लांट में दूध और इससे बनने वाले तमाम उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकिंग आदि से जुड़े कार्य किए जाते है और इनकी सप्लाई भी होती है।

इसके अलावा अचार और मुरब्बे बनाने और इसकी प्रोसेसिंग से जुड़े कार्य करने के लिए भी इन क्षेत्रों में फैक्ट्री हैं। इन औद्योगिक इकाइयों में काफी सामान दिल्ली से भी आता है, जिसके लिए कर्मचारियों को दिल्ली आना-जाना पड़ता है।

# चुनाव आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा: राहुल

- राहुल ने पूछा, तारीख बताएं, दो दिन पहले कहा था- 2024 विधानसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग हुई थी

**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की। राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फॉर्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है। राहुल ने यह सवाल पर एक पोस्ट के जरिए पूछा। उन्होंने 7 जून को पब्लिश एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने 2025 की शुरूआत में दिल्ली हाईकोर्ट को 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के वोटर्स लिस्ट का डेटा शेयर करने का आश्वासन दिया था।

हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राहुल ने शनिवार को देश के दो दैनिक अखबारों में अपने लेख के जरिए 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि वह तभी जवाब देगा जब राहुल उन्हें डायरेक्ट लेटर लिखेंगे।

**'चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून के जरिए:** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को बैठाया गया। इससे निष्पक्षता खत्म हो गई और पूरा कंट्रोल सरकार के हाथ में चला गया। मुख्य न्यायाधीश को हटाकर कैबिनेट मंत्री को लाना ठीक नहीं लगता। सोचिए, कोई किसी निष्पक्ष व्यक्ति को हटाकर अपने आदमी को क्यों लाना चाहेगा? इसका जवाब अपने आप मिल जाता है।'



### चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

'यह समझना मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाहट में क्यों थी, लेकिन हेराफेरी करना मैच फिक्सिंग जैसा है। जो टीम धोखा देती है वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे संस्थाएं कमजोर होती हैं। जनता का चुनाव पर भरोसा खत्म हो जाता है। हर जिम्मेदार भारतीय को इन सबूतों को देखना चाहिए और सवाल पूछने चाहिए। चुनाव में मैच फिक्सिंग किसी भी लोकतंत्र के लिए जहर है। 'मैं किसी छोटे-मोटे चुनावी गड़बड़ी की बात नहीं कर रहा, बल्कि ऐसे धांधलेबाजी की बात कर रहा हूं जो बड़े स्तर पर की गई और जिसमें देश की अहम संस्थाओं को कब्जे में लेने की कोशिश की गई।' 'चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून के जरिए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में उसकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को बैठाया गया। इससे निष्पक्षता खत्म हो गई और पूरा कंट्रोल सरकार के हाथ में चला गया। मुख्य न्यायाधीश को हटाकर कैबिनेट मंत्री को लाना ठीक नहीं लगता।

### महाराष्ट्र की तरह बिहार में मैच फिक्सिंग होगी: राहुल

राहुल गांधी ने अखबारों में अपने लेख में कहा था कि- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। राहुल ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।' हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। इसके बाद राहुल ने चुनाव आयोग के जवाब देने के तरीके पर भी सवाल उठाए।

**राहुल अपने आप को झूठा आश्वासन दे रहे:** फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी के आरोपों का खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने बिहार में अपनी हार मान ली है। जब तक वह जमीन पर नहीं उतरेंगे, तथ्यों को जब तक नहीं समझेंगे, तब तक उनकी पार्टी नहीं जीत सकती। उन्होंने अपनी बातों से महाराष्ट्र के वोटर्स का अपमान किया है।'

## भूपेन हजारिका की स्मृति में आरबीआई जारी करेगा मुद्रा

**गुवाहाटी।** भूपेन हजारिका की जन्मशती के अवसर पर राज्य सरकार अनेक सांस्कृतिक और शैक्षणिक पहलें कर रही है। सोमवार को असम विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक भूपेन हजारिका की स्मृति में एक विशेष मुद्रा जारी करेगा। इसके साथ ही, उनके जीवन पर आधारित एक पुस्तक का प्रकाशन भी किया गया है। इसे वरिष्ठ पत्रकार और लेखिका अनुराधा शर्मा पुजारी ने लिखा है।




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता मनोज झा एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

## सिन्हा ने माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का किया उद्घाटन

**तीर्थस्थल**

- भारी बारिश के चलते चेटन स्थित भारतीय सेना के कैंप पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कटरा।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल के लिए एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र के साथ सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वास्तविक समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी और यह परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा सुनिश्चित करेगी। परियोजना के




तहत कटरा में स्थित एक एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र और स्थानीय निगरानी और समन्वय के लिए तीर्थयात्रा मार्ग पर 7 उप-नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो सभी संवेदनशील और उच्च-यातायात क्षेत्रों की हफ्ते के सातों दिन व 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करेंगे। पूरे तीर्थ क्षेत्र में 700 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें 170 नए हाई-डेफिनिशन आईपी कैमरे और 500 से अधिक मौजूदा कैमरों का एकीकरण है जो प्रवेश और निकास बिंदुओं, सभी क्षेत्रों और तीर्थयात्रा मार्ग सहित सभी महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों को कवर करते हैं। इस परियोजना में एआई-आधारित एनालिटिक्स और उन्नत प्रौद्योगिकी तंत्र जैसे हावभाव पहचान, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर), चेहरे की पहचान, घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली, भीड़ प्रबंधन उपकरण भी शामिल हैं।

## आईपीएस अधिकारी विकास कुमार ने निलंबन को कैट में दी चुनौती

**बेंगलुरू :** शहर के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाद हुई भगदड़ मामले में निलंबित आईपीएस अधिकारी विकास कुमार ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट)का दरवाजा खटखटाया है। विकास कुमार ने अपनी अपील में राज्य सरकार की कार्रवाई को चुनौती दी है।

दरअसल,राज्य की सिद्धरमैया सरकार ने बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के बाद कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। राज्य सरकार द्वारा 5 जून की रात जारी आदेश में बेंगलुरू शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम संभाग) विकास कुमार, डीसीपी (मध्य संभाग) एच.टी. शेखर, एसीपी बालकृष्ण और कब्बन पार्क इंस्पेक्टर गिरीश ए.के को सेवा से निलंबित कर दिया गया था।

## हादसे में मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख की मदद देगी महाराष्ट्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने ठाणे में लोकल ट्रेन से गिरकर मरने वालों के आश्रितों को राज्य सरकार की ओर ५-५ लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। साथ ही इस घटना में घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि इस हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है और सात लोग घायल है। सभी घायलों का इलाज कलवा स्थित सरकारी



अस्पताल में और ज्युपिटर अस्पताल में हो रहा है। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे हुई।

## गैर जिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं राहुल: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि वे (राहुल) गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं। भगवान उनको सद्बुद्धि दें। सोमवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने भारत की विदेश नीति और ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस नेता की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व



वाले विपक्ष के उद्देश्य को समझना बहुत मुश्किल है। जब वे सर्वदलीय बैठक में जाते हैं तो कहते हैं कि वे देश के साथ खड़े हैं, लेकिन जब वे बाहर निकलते हैं तो वे सवाल उठाने लगते हैं, ऐसे सवाल जो पूरी तरह से निराधार हैं। इसलिए वे एक गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने कहा कि जितना जनसंवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं, उतना जयराम रमेश ने जीवन में बात नहीं की होगी। कांग्रेस के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवाल पर नड्डा ने कहा कि जब वे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जीतते हैं तो सब ठीक रहता है और हारते हैं तो सब खराब हो जाता है। कांग्रेस की तो यह आदत बन गई है। चार प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ही विष? पर अलग-अलग आंकड़े ले कर आते हैं। कांग्रेस को अपने विषय में सोचना चाहिए। अपने नेतृत्व पर विचार करना चाहिए।

## रहस्यमय है सोनम का 17 दिन तक लापता होना, छह गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंदौर।** हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद उनकी लापता पत्नी सोनम को 17 दिन बाद उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक ढाबे से हिरासत में लिया गया है। मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा की हत्या करवाई है। इस मामले में अब तक सोनम के अलावा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोनम के पिता ने मेघालय पुलिस पर अपनी बेटी को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने इंदौर से राज कुशवाहा और विशाल चौहान को, इंदौर के पास से ही आकाश राजपूत को और बीना के बसाहरी गांव से आनंद कुर्मी को पकड़ा है। इसके अलावा यूपी के ललितपुर के दिगवार गांव से आकाश लोधी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

**सोनम ने ही पति की हत्या कराई: मेघालय पुलिस**
इसी बीच मेघालय के डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि पत्नी (सोनम) ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा रघुवंशी की हत्या कराई है। इस मामले की पुष्टि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से की है।

**सोनम को मेघालय पुलिस को सौंपा जाएगा:** इसी रविवार रात करीब दो बजे सोनम को भी गाजीपुर के एक ढाबे से हिरासत में ले लिया गया

**विस्फोट**

### आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया

## कंटेनर पोत में विस्फोट के बाद आग लगी, चालक दल के 04 सदस्य लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोलंबो बंदरगाह से मुंबई के न्हावा शेवा की ओर जा रहे सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत वान हाई 503 में सोमवार सुबह कोच्चि में बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर विस्फोट के बाद आग लग गई। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया है, जबकि 04 सदस्य लापता हैं। जहाज फिलहाल पानी में है, लेकिन आईसीजी ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया है। आईसीजी के



कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि सिंगापुर के ध्वज वाला कंटेनर पोत वान हाई 503 श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से 06 जून को रवाना हुआ था, जिसे 09 जून को मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचना था। इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे जहाज ने आज सुबह लगभग 09.30 बजे डेक के नीचे विस्फोट होने

**तटरक्षक**

- इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे।

और बाद में आग लगने की सूचना दी। उस समय यह जहाज बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर था। इसके बाद तत्काल भारतीय तटरक्षक के तीन जहाजों को मौके की ओर रवाना किया गया। आईसीजी के मुताबिक न्यू मंगलौर से आईसीजीएस राजदूत, कोच्चि से आईसीजीएस अर्नवेश और अगत्ती से आईसीजीएस सचेत को सहायता के लिए डायवर्ट करके चालक दल से संपर्क किया गया। दोपहर 12.40 बजे तक जहाज के अन्य कंटेनरों में भी आग लग गई, तो चालक दल के सदस्य जहाज छोड़कर लाइफ राफ्ट पर सवार हो गए। मुंबई के आईसीजी समुद्री बचाव समन्वय केंद्र ने एमवी वन मार्वल को भी भेजा, जिससे चालक दल के 18 सदस्य बच गए, जिसमें एक को गंभीर चोटें आई हैं। विस्फोट के समय से चालक दल के 04 सदस्य लापता हैं, जिनमें 02 ताइवानी, 01 इंडोनेशियाई और 01 म्यांमार के हैं।

## बेटे का शिलांग जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था: राजा की मां

**भोपाल/ इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शिलांग में हत्या के बाद 17 दिन लापता रहने वाली उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी गिरफ्तार कर लिया गया है। राजा के भाई ने दावा किया है कि सोनम ने सरेंडर नहीं किया है बल्कि गाजीपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

राजा की मां ने कहा कि राजा का शिलांग जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने सोमवार साफ शब्दों में कहा है कि सोनम रघुवंशी ने खुद सरेंडर नहीं किया, बल्कि उसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# 10 जून को इनेलो द्वारा पानीपत में रोष प्रदर्शन, मुख्य कार्यकर्ता भी लेंगे भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, नरेश शर्मा**

**इंडियन** नेशनल लोकदल (इनेलो) 10 जून को सुबह 10 बजे पानीपत में जबरदस्त रोष प्रदर्शन करेगा। यह प्रदर्शन किसान विजेंद्र कुमार की खेत में ज़िंदा जलाकर की गई हत्या के विरोध में किया जा रहा है। गोहाना हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा इनेलो के सभी कार्यकर्ताओं, किसानों और आमजन से अपील है कि वे भारी संख्या में पानीपत पहुंचकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें। इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने मांग है कि इस जघन्य हत्याकांड की जांच हरियाणा हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। ऐसे अपराधों पर सरकार की चुप्पी निंदनीय है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना इनेलो की जिम्मेदारी है। गहलावत ने कहा हरियाणा का किसान, मजदूर व्यापारी, महिला अपने को अकेला ना समझे चौधरी देवलाल की फौज उनके साथ हर न्याय युद्ध में खड़ी है। बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त हल्का अध्यक्ष गोपाल जाजी ने की। हलके के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने गोपाल जाजी को हल्का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और फूल मालाओं से उनका



स्वागत किया। गोपाल जाजी ने कहा वह इनैलो पार्टी के संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे। 36 बिरादरी के लोगों को इनैलो के संगठन में मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव कृष्ण मालिक ने कहा आज महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारी ने युवाओं के कमर को तोड़ दी है। आज सरकार नाम की कोई चीज नहीं है प्रदेश में कानून व्यवस्था का दीवाला निकल चुका है। स्टेज का संचालन बलवान नम्बरदार ने किया।

**विरोध**

**प्रदेश सचिव कृष्ण मालिक ने कहा आज महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारी ने युवाओं के कमर को तोड़ दी**

इस मौके पर प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, महिला जिला अध्यक्ष मनजीत फोगाट, अमित सैनी, ताहर सिंह चौहान, गन्नौर हलका अध्यक्ष विजेंद्र शेखपुरा, गोहाना शहरी अध्यक्ष राजेश हसीजा, दिलबाग मलिक, वरिष्ठ नेता बलजीत नैन, दिनेश मलिक, जोरावर सिंह, बबलू नांदल, राजबीर जोगी, नाहना करेवडी, धर्मेंद्र माजरा, संजय धानक, महिपाल लाठ, कृपाल गुहणा, राजू सिटावली, सुंदर बडवासनी, पिंकी दहिया, दलबीर बजाना, नितिन तनेजा, रणधीर लाठ आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्वति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के दिल्ली–रेवाडी सेक्शन पर पालम–बिजवासन स्टेशन के बीच किमी 20/922 पर समपार संख्या 17 श्रेणी (ए) के स्थान पर एप्रोच, सर्विस रोड, कवर शेड, ड्रेनेज, सम्प वेल आदि सहित बॉक्स पुशिंग तकनीक के साथ आंतरिक आकार (8.75 x 5.25 मीटर) के 02 आर.सी.सी. बॉक्स वाले चार लेन वाले सड़क के नीचे पुल का निर्माण तथा अन्य संबद्ध कार्य। |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 (नौ) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2442.59 लाख |
| धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 13,71,300/– |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 26.06.2025 से 10.07.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 10.07.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 26.06.2025 से 10.07.2025 तक आई आरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.30 बजे दिनांक 10.07.2025 को खोली जायेगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

No: 539-ACS-RUB-17/BWSN/CSB Dated : 06.06.2025 1706/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मकानों को भी तोषी आबादी मानकर स्वामित्व योजना में शामिल किया जाये



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सुझाव दिया कि निगम क्षेत्र के गाँवो में लाल डोरा एवं फिरनी के बीच बसे मकानों को भी तोषी आबादी मानकर स्वामित्व योजना में शामिल किया जाये। राजीव जैन ने कहा कि गांवों में ऐसी काफी बड़ी आबादी है जिसे राहत देना जरुरी है। इसके अतिरिक्त गांवों में प्रॉपर्टी टैक्स की दरें संशोधित की जाएँ क्योंकि गांवों में प्लाट तो हजार दो हजार गज के हैं परन्तु उनमे निर्माण 50 -100 गज से जयादा नहीं है इसलिए जितना निर्मित भाग है उतना ही प्रॉपर्टी टैक्स लगे। उन्होंने सुझाव दिया कि कच्चे क्वार्टर मार्किट के बाहर ईएसआई हॉस्पिटल वाले स्थान पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने की योजना तैयार की जाये।

उन्होंने रायपुर, फाजिलपुर, लिवासपुर, जाट जोशी, अहमदपुर गांव में रेनीवेल का पानी उपलब्ध करवाने की मांग रखी। मेयर ने सुझाव दिया कि दूध की डैरियाँ शहर से बाहर शिफ्ट करने की योजना सिरे चढ़ाई जाये ताकि सीवर जाम की समस्या खत्म हो सके, सेक्टर तीन में बनी ऑटो मार्किट में ऑटोमोबाइल दुकानदारों को दुकानें आबंटित की जाएँ, सेक्टर 16 - 17 के बीच गेटवे वाली तथा मुरथल रोड एवं सेक्टर 16 के बीच वाली सोनीपत शहर को जी टी रोड से जोड़ने वाली मास्टर रोड का निर्माण करवाया जाये, सेक्टरों में खाली पड़े छोटे प्लाट धोबी, मोची, वीटा बूथ तथा वरिष्ठ नागरिकों के बैठने का स्थान बनाने के लिए तय किये जाएँ। राजीव जैन ने आगे सुझाव दिया कि शहर के अंदर सारी सड़कें निगम को ट्रांसफर की जाएँ ताकि सीवर या पानी की लाइन डालते समय सरकारी विभागों में झगडे ना हों।

**बैठक**

**अतिरिक्त गांवों में प्रॉपर्टी टैक्स की दरें संशोधित की जाएँ क्योंकि गांवों में प्लाट तो हजार दो हजार गज के हैं**

# पूरी दुनिया को योग सिखाकर हरियाणा वालों ने हासिल किया है योग गुरु का दर्जा: संजीव वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा वालों ने पूरी दुनिया को योग सीखाकर ही योग गुरु का दर्जा हासिल किया है। 21 जून को अनुशासन और प्रोटोकॉल के साथ योग करके गिनीज बुक में विश्व रिकॉर्ड दर्ज करना है, इसके लिए जिला प्रशासन ने आवेदन भी कर दिया है। सभी ने मिलकर इस रिकॉर्ड को बनाने में अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। उन्होंने कहा कि 21 जून को योग करने के लिए अब तक प्रदेश के 10 लाख लोगों ने ऑनलाइन माध्यमों से पंजीकरण किया है। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक



अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्या की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम प्रशासनिक कार्यक्रम ना होकर सार्वजनिक कार्यक्रम है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं की संवेदनाओं से जनभागीदारी के लिए लगे हुए हैं। जिस अधिकारी, पार्षद व अन्य संस्थान को जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसको ईमानदारी के साथ पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को पूरे विश्व की नजर हरियाणा पर होगा। ऐसे में हमारा दायित्व पहले से ज्यादा बढ़ जाता है। इस दायित्व को गंभीरता स लेते हुए ही विश्व रिकॉर्ड कायम हो सकेगा। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि जिस विभाग को योग करने के लिए जो सदस्य लाने की जिम्मेदारी दी गई है, वो संख्या को पूरा करना सुनिश्चित करें। केडीबी और नगर परिषद शौचालय का प्रबंध करेंगे। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा मेला ग्राउंड को समतल करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में इमरजेंसी के सभी प्रबंधों को पुख्ता किया जाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध हो।

योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों को टी-शर्ट और औषधीय पौधा किया जाएगा वितरित आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में हिस्सा लेने वालों को एक-एक टी-शर्ट और एक-एक औषधीय पौधा वितरित किया जाएगा। साथ ही 10 हजार को पहले आने पर मैट साथ लेकर जाने दिया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

पत्र संख्या: GSU_DLI_SNT_15 dated 09-06-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई.–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_15 dated 09.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | कनेक्ट्स टॉवर, नई दिल्ली में सीएओ/सी/आरएसपी कार्यालय के सम्मेलन कक्षों में दूरसंचार सुविधाओं की आपूर्ति और स्थापना |
| 3. | अनुमानित लागत | 48,43,707.20/– |
| 4. | धरोहर राशि | 96,900.00/– |
| 5. | समापन अवधी | 06 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 01.07.25 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.07.25 को 11:30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in उपलब्ध है |

1696/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | नई दिल्ली स्टेशन (चरण–2) के विकास के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 2,29,07,407.75/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,64,500/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 18.06.2025 (10:30 बजे) से 02.07.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 02.07.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | RRSK (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 12–क.वि.–नई दिल्ली–2025–26 दिनांक: 06.06.2025 1699/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार व पार्क के बाहर दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र व कुंडली थाना क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से कार व दोपहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। कुंडली स्थित किंग्सबरी टीडीआई की रहने वाली नेहा कोहली ने बताया कि रात के समय अपनी कार को फ्लैट के सामने खड़ी की थी।

# नशामुक्त अभियान के तहत थाना सदर थानेसर प्रभारी ने किया गांव सिरसमा में आमजन से सम्पर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस जिला को नशामुक्त बनाने में जुटी है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस के अधिकारियों के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह व ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने गांव सिरसमा का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठकों का आयोजन किया।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने गांव सिरसमा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशामुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर




रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। आमजन से बात करते हुए ने निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

डीएसपी ने गांव के नौजवानों और बच्चो से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहकर पढाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। ग्रामीण दौरे के दौरान थाना प्रभारी ने आमजन को साईबर क्राईम सें बचनें बारे भी जागरुक किया तथा साईबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे जानकारी दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **शंकर, पुत्रः त्रिनाग्रस, निवासी: बी–90, जेजे कॉलोनी, इंद्रपुरी, दिल्ली,** और **आई–287, जेजे कैंप, तिगरी, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.139/2024 U/S 174A IPC & FIR No.218 Dt.23/06.2018 U/S 392/328/411/34 IPC** दोनों एफआईआर के तहत एक मामला **थाना गोविंद पुरी, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **शंकर** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.139/2024 U/S 174A IPC & FIR No.218 Dt.23/06.2018 U/S 392/328/411/34 IPC** दोनों एफआईआर **थाना गोविंद पुरी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **शंकर** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार सचिन सांगवान**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दक्षिण–पूर्व,**
**कमरा नंबर 613, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/7149/SE/2025**
**(अदालती मामला)**

# शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी में उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम के अंक शिक्षकों को भी मिलें: डॉ. तरसेम कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला), कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि शिक्षक संगठनों द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करते हुए ट्रांसफर ड्राइव शीघ्र शुरू की जाए और यह प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित की जाए। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि वर्ष 2016 से अब तक शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी में कई बार बदलाव किए गए लेकिन प्रत्येक बार ये बदलाव अव्यवहारिक और शिक्षकों के हितों के विरुद्ध साबित हुए। उन्होंने वर्ष 2022 की ट्रांसफर ड्राइव को उदाहरण देते हुए कहा



कि अव्यवहारिक रेशनलाइजेशन और नॉर्मलाइजेशन के कारण अनेक विद्यालयों में शिक्षकों की अधिकता हो गई, जबकि कई विद्यालय अभी भी शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अनेक शिक्षक वर्षों से अपने गृह जिले से दूर रहकर कार्य कर रहे हैं जिससे उनके पारिवारिक जीवन और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। डॉ. कौशिक ने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग को इस बार शिक्षक संगठनों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए व्यवहारिक ट्रांसफर ड्राइव पॉलिसी लागू करनी चाहिए। उन्होंने खासतौर पर बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों को 5 अंक दिए जाने की पुरानी व्यवस्था की पुनर्बहाली की जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि विषय प्राध्यापक ही विद्यार्थियों को दिन-रात पढ़ाकर परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम दिलाते हैं। ऐसे में केवल प्रधानाचार्य या प्रशासनिक अधिकारियों को अंक देना न केवल अनुचित, है बल्कि शिक्षकों के साथ अन्याय है।

# श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में महानिदेशक संजीव वर्मा ने ली मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर होने वाली योग मैराथन के संदर्भ में हरियाणा खेल विभाग एवं आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने मीटिंग ली। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। मीटिंग में कुरुक्षेत्र, करनाल और कैथल समेत अन्य जिलों के खेल और आयुष विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। महानिदेशक ने मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए आयुष और खेल विभाग को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी।

विश्वविद्यालय पहुंचने पर



कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने महानिदेशक संजीव वर्मा का स्वागत किया। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में 56 आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर हैं।

खास बात ये है कि इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप है।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A 13.06.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में भुगतान की शर्तो को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1702/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हू।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को स्मरण करने के लिए सीएम ने सिंदूर का पौधा लगाया

- इस वृक्ष के पुष्पों से तैयार होने वाला सिंदूर भारतीय नारी के शौर्य, सम्मान और आत्मबल का प्रतीक है : सीएम

**पौधारोपण**

- विशेष अभियान में शामिल होकर अपनी मां के सम्मान में सिंदूर का पौधा रोपित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शालीमार बाग के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम 2.0 विशेष अभियान में शामिल होकर अपनी मां के सम्मान में सिंदूर का पौधा रोपित किया। वहीं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम का पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वृक्ष के पुष्पों से तैयार होने वाला सिंदूर भारतीय नारी के शौर्य, सम्मान और आत्मबल का प्रतीक है। यह पौधा न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनेगा, बल्कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की वीरगाथा को भी सदा स्मरण कराता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत आज पर्यावरण जागरूकता के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है और प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान हमारे संवेदनशील और सतत विकासशील राष्ट्र की सोच को परिभाषित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि दिल्ली को केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि हरियाली, स्वच्छता और संवेदना का प्रतीक बनाया जाए। इसी उद्देश्य से इस वर्ष 70 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक हरी-भरी और स्वस्थ दिल्ली प्रदान की जा सके। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज अपने आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली की जनता से सीधा संवाद किया। उनकी बातें सुनीं, सुझावों को आत्मसात किया और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने पोस्ट करते हुए कहा कि जनता का भरोसा ही हमारी असली ताकत है। उनकी आवाज ही हमारी नीति की दिशा तय करती है। दिल्ली सरकार, हर जनमुद्दे पर सजग, संवेदनशील और पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## श्याम लाल कॉलेज के 61वें वार्षिक दिवस समारोह में शामिल हुईं मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज में आयोजित "षष्टि पूर्ति" एवं 61वें वार्षिक दिवस तथा पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उनके साथ उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी मौजूद रहे। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह समारोह न सिर्फ शिक्षा जगत की उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के अथक परिश्रम व समर्पण का उत्सव भी है। यहां युवा विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और उपलब्धियों को देखकर अत्यंत गर्व की अनुभूति हुई। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्याम लाल कॉलेज परिवार को इस भव्य और सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई।

## बाहरी जिला में 6 आरोपित गिरफ्तार, मोबाइल व चाकू बरामद

**नई दिल्ली।** सड़क पर होने वाले अपराध (स्ट्रीट क्राइम) पर अंकुश लगाने के लिए बाहरी जिला पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करके और मुखबिर से पता करके आरोपितों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्राइम में अलग-अलग थानों की पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मोबाइल और बटनदार चाकू इत्यादि बरामद किए गए हैं। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की गिरफ्तारी से कई मामलों का खुलासा किया गया है। यह कार्रवाई नांगलोई, निहाल विहार, रणहौला, सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी थाना इलाके में की गई है।

## इमारत की छत अचानक भरभरा कर गिरी, बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में सोमवार सुबह एक इमारत की छत अचानक भरभरा कर गिर गई। हादसे में घर में मौजूद दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मलबे से निकाल कर पास के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने आठ साल के वंश को मृत घोषित कर दिया, वहीं साबिर का इलाज चल रहा है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सोमवार सुबह 7.12 बजे दमकल विभाग को कमरुद्दीन नगर नांगलोई दीपांशु पब्लिक स्कूल के पास एक मकान की छत गिरने की जानकारी मिली।



सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने मलबे में फंसे बच्चे समेत दो लोगों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## वजीरपुर और आजादपुर मंडी क्षेत्र से 66 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला की विदेशी सेल ने वजीरपुर और आजादपुर मंडी क्षेत्र में 66 अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह 11 परिवारों में विभाजित थे जो दिल्ली में बिना वैध दस्तावेज के रह रहे थे। यह कार्रवाई लगातार की गई गुप्त निगरानी और सूचनाओं के आधार पर की गई विशेष छापेमारी का हिस्सा है। इस अभियान की शुरूआत अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान और गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गई थी। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि दो विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली की 11 बांग्लादेशी परिवार दिल्ली के वजीरपुर जे जे कॉलोनी और



आजादपुर मंडी क्षेत्र में रह रहे हैं। ये परिवार हरियाणा के गांव टैइन, नूह (पूर्व में मेवात) के ईंट भट्ठों में मजदूरी करते थे। पुलिस की सख्ती और मीडिया रिपोर्ट्स के कारण ये परिवार हरियाणा से दिल्ली आकर घने आबादी वाले इलाकों में छिपकर रहने लगे थे। उन्होंने अपने समूह को दो भागों में बांटकर अलग-अलग जगह बसना चुना था ताकि पकड़ से बच सकें। टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर घर-घर छानबीन, सड़क गश्त और स्थानीय दुकानदारों व फल वालों से पूछताछ की। विशेष रूप से किराना दुकानों और बच्चों से जुड़ी वस्तुओं जैसे दूध की खरीदारी पर ध्यान दिया गया। जिससे परिवारों की उपस्थिति का पता चला। डीसीपी के अनुसार भारत नगर, आजादपुर मंडी और महेन्द्रा पार्क के इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान 35

**अभियान**

- भरत नगर, नई सब्जी मंडी और महेंद्र पार्क चौकी क्षेत्र से पकड़ा
- हाल ही में हरियाणा से आकर दिल्ली में बसे थे ये बांग्लादेशी

अवैध बांग्लादेशी नागरिक वजीरपुर जे जे कॉलोनी से और 31 आजादपुर मंडी इलाके से पकड़े गए।

कुल 66 लोग जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल थे। गिरफ्तार किए गए लोग अपने मोबाइल फोन और बांग्लादेशी पहचान पत्र छिपाकर रखते थे ताकि मोबाइल ट्रैकिंग और पहचान से बचा जा सके।

## रेप केसः पूर्व मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं ने सोमवार को दिल्ली के दयालपुर के नेहरू विहार में बलात्कार के बाद हत्या की शिकार बच्ची के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस दौरान दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष आतिशी, आआपा दिल्ली संयोजक सौरव भारद्वाज और विधायक संजीव झा मौजूद रहे। आआपा नेताओं ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी पीड़िता के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। आतिशी ने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नेहरू विहार में बच्ची के साथ हुई दरिंदगी ने सभी दिल्लीवासियों को झकझोर दिया



है। आज पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और भरोसा दिलाया कि हम न्याय के लिए उनके साथ खड़े हैं। आआपा के कार्यकताओं को परिवार की हर संभव मदद करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद पूरा इलाका सहमा हुआ है।

## बच्ची के साथ छेड़छाड़, पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सब्जी मंडी थाना क्षेत्र में 7 साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह घटना सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे की है जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। पीड़िता ने यह जानकारी अपनी मां को दी, जिन्होंने तुरंत अपने पति को अवगत कराया। इसके बाद पीसीआर कॉल की गई और पीड़िता अपनी मां के साथ थाना सब्जी मंडी पहुंची। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और



बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित मोहम्मद शहीम उर्फ करिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और बच्ची को उचित काउंसलिंग और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## दिल्ली में पारा 44 डिग्री के पार, तीन दिन लू का यलो अलर्ट

**नई दिल्ली :** जून में सूरज अपने तल्ख तेवर दिखा रह है। मौसम विभाग ने 12 जून तक के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को लोधी रोड, सफदरजंग, आयानगर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने 12 से 14 जून तक बारिश की संभावना जताई है। बीते दो दिन से गर्मी लोगों की परीक्षा ले रहा है। दोपहर बाद भी तपिश से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। स्थिति यह रही कि दोपहर तीन बजे के बाद भी सड़क पर चल रहे पैदल और बाइक सवार लोगों तपिश के थपेड़ों ने परेशान किया।

## 'लंबे समय तक पति-पत्नी के बीच शारीरिक संबंध नहीं बनना तलाक के लिए होगा आधार'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तलाक देने के मामले में पारिवारिक निर्णय को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने माना कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय तक शारीरिक संबंध नहीं बनने को तलाक याचिका पर फैसला करते समय एक अतिरिक्त आधार के रूप में माना जा सकता है। निर्णय को चुनौती देने वाली महिला की याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने यह भी माना कि पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर क्रूरता के आरोपों को सिद्ध मानते हुए पारिवारिक अदालत ने सही ढंग से विवाह को भंग किया है।

अदालत ने टिप्पणी की कि मानसिक क्रूरता के साथ शारीरिक क्रूरता की कई घटनाओं से दोनों के बीच कटु संबंध साबित हुए हैं। ऐसे में उक्त आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई अधार नहीं है।

**दोनों पक्ष 12 साल से अधिक समय से अलग रह रहे**

रितेश बब्बर बनाम किरण बब्बर के मामले में सुप्रीम कोर्ट का पीठ ने हवाला दिया। शीर्ष अदालत ने उक्त निर्णय में माना था कि दोनों पक्ष 12 साल से अधिक समय से अलग रह रहे हैं और अब उनके दोबारा मिलने की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में

**टिप्पणी**

- मानसिक क्रूरता के साथ शारीरिक क्रूरता की कई घटनाओं से दोनों के बीच कटु संबंध हुए साबित : हाईकोर्ट
- महिला की अपील याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

वैवाहिक स्थिति को बनाये रखने से कोई लाभ नहीं होगा। पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में भी दोनों पक्ष 10 साल से अधिक समय से एक-दूसरे से अलग रहे हैं और उनके बीच किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। सिर्फ जिरह के आधार पर पारिवारिक अदालत के निर्णय सुनने के महिला के दावे को भी अदालत ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि अदालत ने महिला की चिकित्सकीय स्थिति को चिकित्सा दस्तावेज के आधार पर निराधार ठहराया था। अदालत ने यह भी रिकॉर्ड पर लिया कि महिला ने पारिवारिक न्यायालय के समक्ष स्वीकार किया था कि 2014-15 से दोनों के बीच कोई वैवाहिक संबंध नहीं रहा है।

## फार्मेसी घोटाला मामले में पूर्व रजिस्ट्रार को बेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली फार्मेसी काउंसिल (डीपीसी) में फर्जी डिप्लोमा के जरिए फार्मासिस्टों की भर्ती घोटाले में गिरफ्तार पूर्व रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह को अदालत ने सशर्त जमानत दे दी। पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश दीपाली शर्मा की अदालत ने कहा कि जांच में कुलदीप से अब कोई और बरामदगी शेष नहीं है और सह-आरोपितों को पहले ही जमानत दी जा चुकी है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुबूत पहले ही जब्त किए जा चुके हैं, ऐसे में अब कुलदीप सिंह की आगे की हिरासत से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। कोर्ट ने कुलदीप सिंह को 50 हजार के निजी मुचलके और उतनी ही राशि के एक जमानती पर



जमानत दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने कुलदीप पर जमानत की शर्तें भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि आरोपित जांच में पूरा सहयोग करेगा और बुलाने पर हाजिर होगा। वह किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करेगा, न ही जमानत के दौरान सुबूतों से छेड़छाड़ करेगा। वहीं, आरोपित बिना अनुमति देश भी नहीं छोड़ सकेगा। इसके साथ ही अपना पता बदलने पर तुरंत संबंधित जांच अधिकारी को इसकी सूचना देगा। मामले की सुनवाई के दौरान कुलदीप सिंह की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी कि उनका मुवक्किल निर्दोष हैं और उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है। अधिवक्ता ने दलील दी कि न तो कोई बरामदगी बाकी है और न ही आरोपित अब किसी जांच को प्रभावित कर सकता है।

वही, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश लोक अभियोजक ने आरोपित की जमानत का कड़ा विरोध करते हुए दलील दी कि कुलदीप सिंह इस पूरे घोटाले का केंद्र हैं।

**जमानत**

- फर्जी डिप्लोमा के जरिए फार्मासिस्टों की भर्ती का आरोप, 44 आरोपित पहले ही जमानत पर
- अदालत ने कहा- जांच पूरी, बरामदगी शेष नहीं, आरोपित गवाहों से छेड़छाड़ न करे

## नंद नगरी में खड़ी बस से मिला शव

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी इलाके में सोमवार सुबह एक प्राइवेट बस में सड़ी-गली हालत में शव मिला। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस घ्टनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 7:52 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बस से खून निकल रहा है और आसपास बदबू फैली हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 212 बस स्टैंड पर खड़ी प्राइवेट टूरिस्ट बस (उप्र 22टी 7351) की जांच करने पर बस के सामने बाईं ओर की सीढ़ियों पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला, जो आंशिक रूप से सड़ चुका था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जांच में मृतक की पहचान शिवा (32) के रूप में हुई है। वह गामड़ी 5वां पुस्ता, गली नंबर 9 का निवासी था और बस में हेल्पर का काम करता था। शव के सिर पर चोट का निशान था। शुरूआती जांच में यह एक दुर्घटनावश गिरने का मामला प्रतीत हो रहा है, क्योंकि बस के केबिन का दरवाजा अंदर से बंद मिला। हालांकि, वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। मौके पर क्राइम टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने जांच के दौरान साक्ष्य जुटाए हैं।

## त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन के सर्वर रूम में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे मेट्रो स्टेशन में यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने दो घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इसके कारण त्रिलोकपुरी-संजय लेक मेट्रो स्टेशन के बीच करीब पांच घंटे तक मेट्रो परिचालन प्रभावित रहा। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर आग लगने के बारे में



सूचना मिली थी। सूचना के बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग मेट्रो स्टेशन के सर्वर रूम में लगी थी। दमकलकर्मियों ने दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल मेट्रो पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

वहीं दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के अनुसार, आज सुबह त्रिलोकपुरी-संजय लेक मेट्रो स्टेशन पर एक तकनीकी कमरे में धुआं देखा गया।

इसके कारण दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन (मजलिस पार्क से शिव विहार) पर त्रिलोकपुरी-संजय लेक स्टेशन के बीच दोनों दिशाओं में ट्रेन सेवा 25 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमित गति से चलाई गईं।

पिंक लाइन के बाकी हिस्सों में ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रही। प्रभावित हिस्से में शाम 4:25 बजे सामान्य स्थिति को बहाल कर दिया गया।

## भीषण आग से दो की मौत, शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी थाना क्षेत्र के ताहिरपुर कोड़ी कॉलोनी में बीती रात आग लगने की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रात करीब 11:39 बजे पुलिस को सूचना मिली कि श्मशान वाली गली में स्थित मकान संख्या 110 के ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई है। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने तत्परता से राहत कार्य शुरू किया। बीट स्टाफ हेड कांस्टेबल राजकुमार ने साहस दिखाते हुए मौके से मीरा देवी नामक महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि जब तक आग पर पूरी तरह काबू पाया गया, तब तक दो लोगों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान शशि (25) घर में अपने माता-पिता



और तीन भाइयों के साथ रहता था। वहीं बल्लू (55) के रूप में हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि घर के ग्राउंड फ्लोर का उपयोग ई-रिक्शा चार्जिंग के लिए किया जा रहा था। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। घटना में दो ई-रिक्शा व एक बाइक जलकर राख हो गए। पुलिस के मुताबिक क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1)/287 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**जलकर राख**

- ताहिरपुर कोड़ी कॉलोनी में बीती रात आग लगने की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है

## आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर कर सकेगा बात

**नई दिल्ली :** 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

# सोनीपत का आधुनिकीकरण करेगी नायब सरकार: डॉ अरविंद

बैठक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना , बलराम**
**सहकारिता**, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सोनीपत में अपार संभावनाएं हैं, इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से सोनीपत के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण पर जोर देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एसएमडीए में विकास परियोजनाओं के लिए पैसे की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सोनीपत विधायक निखिल मदान, राई विधायक कृष्णा गहलावत, गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादयान, नगर निगम सोनीपत मेयर राजीव जैन व प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनसीआर में सोनीपत की भूमिका के मुताबिक आधुनिक तरीके से विकास करवाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। गोहाना विधानसभा के गांव जाजी, बादशाहपुर माछरी, करेवडी, भटगांव माल्याण, चिटाना, भटाना जाफराबाद, चटिया सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की सीमा में हैं, लेकिन कंट्रोल एरिया में अधिसूचित नहीं हुए हैं, जिससे एसएमडीए के तहत होने वाले विकास से उनमें देरी हो सकती है। इसलिए इन गांवों को शीघ्र कंट्रोल्ड एरिया नोटिफाई किया जाए। इसपर विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही प्रक्रिया को पूरा करवाने का भरोसा दिया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कुंडली, बहालगढ़, मुरथल समेत विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ करने, पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था करने, सड़कों के सुदृढ़ीकरण, खेल परिसरों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के तहत विभिन्न विकास परियोजनाओं को लेकर वर्तमान स्थिति व उनको लेकर भविष्य में उठाए जाने वाले कदमों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भरोसा दिलाया है कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण में पैसे की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा गोहाना के पश्चिमी बाईपास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई है, ताकि इसकी प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जा सके।

## निगम का गोहाना प्रबंधक तीस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** एसीबी रोहतक ने सोमवार को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी धर्मेन्द्र कटारिया, डिपो प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम, गोहाना, जिला सोनीपत को शिकायतकर्ता से 30,000 रुपए नकद रिश्वत लेते हुए , गोहाना कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने एसीबी रोहतक को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह भारतीय खाद्य निगम, गोहाना में यू.डी.सी. के पद पर कार्यरत है। उसका तीन महीने पहले भारतीय खाद्य निगम, सफीदो जिला जींद से भारतीय खाद्य निगम, गोहाना स्थानांतरण हुआ था। आरोपी धर्मेन्द्र कटारिया डिपो प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम, गोहाना द्वारा अब उसका स्थानांतरण भारतीय खाद्य निगम बरोदा,जिला सोनीपत कर दिया। आरोपी धर्मेन्द्र कटारिया दोबारा उसका स्थानांतरण भारतीय खाद्य निगम बरोदा, से भारतीय खाद्य निगम गोहाना करने व उसके ओवर टाईम भत्ता पास करने की एवज में उससे 30,000रुपए नकद बतौर रिश्वत की मांग कर रहा है। इस शिकायत पर कार्यवाही करते हुए धर्मेन्द्र कटारिया डिपो प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम, गोहाना को शिकायतकर्ता से 30,000-रुपए नकद रिश्वत लेते हुए कार्यालय भारतीय खाद्य निगम, गोहाना से रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

## न्यूज फ्लैश

### जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडकें) मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि इस साल के अंत तक आदमपुर में अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। यहां शहरी तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। श्री रणबीर सिंह गंगवा आज जिला हिसार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने सीवरेज और पेयजल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग तथा मार्केटिंग कमेटी के कार्य शुरू हो चुके हैं। एचएसवीपी के तहत होने वाले कार्यों का टेंडर हो गया है। विकास कार्यों के मद्देनजर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्राथमिकता आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में आदमपुर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को समय पर सुविधाएं मिल सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधूरी परियोजनाओं की सूची लेकर संबंधित अधिकारियों से उनका स्टेटस जाना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने मौके पर उपस्थित आमजन की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ काम कर रही है और प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


### मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

**चंडीगढ़ :** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित जलभराव और बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ फील्ड में सक्रिय रहकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में पीने के पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए और इसके लिए पानी की आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियत्रंण से संबंधित आवंटित कार्यों की सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए, ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान कोई जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने सोमवार को चंडीगढ़ में मानसून के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए और प्रदेश में पानी की व्यवस्था को लेकर सिंचाई विभाग व पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सिंचाई मंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 873 ड्रेन में से 676 साफ किया जाना है, जिसमें से 470 ड्रेन साफ की जा चुकी हैं, शेष ड्रेन की सफाई 20 जून तक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से जिलावार रिपोर्ट भी ली। बैठक में मंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि 56वीं हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में 209 लघु अवधि की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनमें से 194 का कार्य प्रगति पर है जिनमें से 8 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें और सुनिश्चित करें कि ये परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हों, अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाईन ने मंत्री को अवगत करवाया कि ऐसे जिले जहां बारिश से जलभराव की आशंका अधिक रहती है वहां पानी की निकासी के लिए विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने, ड्रेन की सफाई व सीवरेज की सफाई का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### हरियाणा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी लोकायुक्त की कार्यवाही

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में लोकायुक्त अब अपनी कार्यवाही के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सुविधा अपनाएंगे। ये निर्देश राज्य सरकार की उस व्यापक पहल का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य नए केंद्रीय आपराधिक कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी तरह की आधिकारिक सम्पर्क या पारस्परिक व्यवहार के लिए ऑडियो-विजुअल इलेक्ट्रॉनिक साधनों का लाभ उठाना है। इस संबंध में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, उप-मंडल अधिकारियों और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को एक पत्र जारी किया गया है।

## राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को भारतीय इतिहास के दो महान नायकों, बाबा बंदा सिंह बहादुर और भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उत्पीड़न के खिलाफ उनके साहसी संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके अमर बलिदान को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि आज हम बाबा बंदा सिंह बहादुर के अद्वितीय साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं, जिन्होंने पंजाब में न्याय और स्वशासन की नींव रखी और मुगलों के अत्याचार के खिलाफ डटे रहे। धर्म के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनका सर्वोच्च बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। श्री दत्तात्रेय ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को भी स्मरण किया, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ आदिवासी समुदायों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का निर्भीक संघर्ष और समतापूर्ण समाज का उनका स्वप्न भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आदिवासी गौरव का प्रतीक है। उनकी विरासत हमें सामाजिक सशक्तिकरण और एकता का पाठ पढ़ाती है। राज्यपाल ने देश के युवाओं से इन महानायकों के जीवन से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## बीजेपी की घटिया पोर्टल सेवा से विद्यार्थी, अभ्यार्थी और लाभार्थी समेत हर वर्ग परेशान: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में बीजेपी की नहीं, बल्कि पोर्टल की सरकार चल रही है। ऐसा पोर्टल जिसका सर्वर हमेशा डाउन रहता है और जो जरूरत पड़ने पर कभी काम नहीं करता। इसके चलते विद्यार्थी, अभ्यार्थी और लाभार्थी समेत हर वर्ग परेशान है। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ऑनलाइन सुविधाओं की शुरूआत की थी। इसका मकसद तमाम सरकारी विभागों व सेवाओं से लेकर पंचायतों तक को ऑनलाइन करके जनता को घर बैठे एक क्लिक पर सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। लेकिन बीजेपी ने इन ऑनलाइन सेवाओं का पूरा सिस्टम ही उल्टा कर डाला। ऑनलाइन काम करवाने के लिए भी लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एक तरफ जहां सीईटी के आवेदन और कॉलेज-विश्वविद्यालयों में दाखिलों का दौर चल रहा है। कई तरह के अन्य परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली हैं। इसके लिए विद्यार्थियों व अभ्यार्थियों को तमाम दस्तावेज तैयार करवाने हैं। लेकिन ठीक उसी समय सरल पोर्टल ठप हो गया। इसकी 300 सेवाएं पूरी तरह बंद हो गईं। हैरानी की बात है कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों से जिंदा मां-बाप के मृत्यु प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। लाखों युवा रोज सीईटी का आवेदन करने के लिए माथापच्ची कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान ही नहीं निकल रहा। करीब एक हफ्ते से मैरिज, आय, जन्म, मृत्यु, जाति व डोमिसाइल सर्टिफिकेट से लेकर आवास योजनाओं तक के आवेदन की सेवाएं पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। रोज लाखों लोग सीएससी केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन सभी बेउम्मीद होकर वापिस लौटते हैं। हुड्डा ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब घटिया प्रोग्रामिंग और सर्वर एरर वाले पोर्टल के चलते जनता को इस तरह दिक्कतों का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले परिवार पहचान पत्र से लेकर तमाम ऑनलाइन सेवाओं में ऐसी गड़बड़ियां लगातार सामने आती रही हैं। गड़बड़ियों का आलम इस हद तक है कि 90% से ज्यादा परिवार पहचान पत्रों में धांधली पाई गई। कई-कई महीने लोगों को सरकारी विभागों के चक्कर काटने पड़े लेकिन आज तक भी इन गड़बड़ियों को दूर नहीं किया जा सका। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि ना सिर्फ इन ऑनलाइन सेवाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए बल्कि यह पूरा सेटअप बार-बार क्यों ठप हो रहा है इसमें किस तरह की गड़बड़ी है।

## राहुल गांधी जब भी हारते हैं तो कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग को लेकर रोते है : विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र चुनाव में धांधली के आरोप लगाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये राहुल गांधी का राजनीतिक रोना है, रोने के बहुत तरीके होते हैं वो जब भी ये हारते हैं तो कभी ईवीएम को बोलते हैं, तो कभी चुनाव आयोग को लेकर रोते है। मगर यह हिमाचल जीते तो कुछ नहीं बोलते, कर्नाटक जीते तो यह नाचे-गाए लेकिन कुछ नहीं बोले। इसके अलावा एक ऊर्जा मंत्री श्री विज ने कहा कि बिजली के प्रीपेड मीटर सबसे पहले सभी सरकारी कार्यालयों और इंस्टिट्यूट में लगाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव आयोग और ईवीएम तो एक ही है। कांग्रेस पार्टी इस देश से समाप्त व खत्म हो रही है, उसे देखने के बजाए यह दोषारोपण करने में लगे है। अब कांग्रेस की बिहार के चुनाव में हार होने जा रही है और ये अभी से उसकी भूमिका तैयार कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी किसी भी संवैधानिक प्रजातंत्र पर विश्वास नहीं करती। इन्होंने पहले भी तानाशाही से शासन किया क्योंकि कांग्रेस तानाशाही है और तभी यह देश की प्रजातंत्र पर विश्वास नहीं करते। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पवन खेड़ा को सलाह देते हुए कहा कि वह कुछ दिन किसी आरएसएस की शाखा में जाकर उसे अटेंड कर ले और उसे जान ले क्योंकि जिस चीज के बारे में आप जानते ही नहीं उसके बारे में बोल कैसे सकते हैं।

## हिमानी की मां ने फिर दोहराई सीबीआई जांच की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक निवासी कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या के मामले में उनकी मां सविता नरवाल ने एक बार फिर सीबाआई जांच की मांग उठाई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के ही एक विधायक ने मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की है। सविता के अनुसार हिमानी की हत्या करवाने वाला मास्टरमाइंड कोई और है। उसी ने आरोपी सचिन को मोहरा बनाया है। हिमानी के साथ मैं उससे मिल चुकी हूं। हिमानी की मां ने कांग्रेस के एक विधायक पर आरोपी को बचाने और हिमानी के पैसे ठगने का आरोप लगाया।

## मुख्य सचिव को मिल सकती है सेवा में एक्सटेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के वर्तमान मुख्य सचिव 1990 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी अनुराग रस्तोगी जिनकी सेवानिवृत्ति इसी माह 30 जून 2025 को निर्धारित है, को हालांकि आगामी छः महीनों के लिए आई.ए.एस. में एक्सटेंशन (सेवा-विस्तार) प्रदान किये जाने की प्रबल सम्भावना है. हरियाणा सरकार द्वारा रस्तोगी, जो अगस्त,2022 से प्रदेश सरकार के वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं, को सर्वप्रथम गत वर्ष नवम्बर महीने के आरम्भ में कुछ दिनों के लिए मुख्य सचिव के पद का कार्यभार प्रदान किया गया था जब तत्कालीन मुख्य सचिव टी.वी.एन.प्रसाद (वर्तमान में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त) 31 अक्टूबर 2024 को आई.ए.एस. से सेवानिवृत हो गए थे एवं 1989 बैच के आई.ए.एस. विवेक जोशी ने मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण नहीं किया था. बहरहाल, फरवरी में जोशी के भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त होने के बाद रस्तोगी को 19 फरवरी 2025 को नियमित तौर पर हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था. हालांकि मुख्य सचिव बनने के बावजूद रस्तोगी के पास आज भी वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव का अतिरिक्त कार्यभार है. बहरहाल, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं प्रशासनिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि इसी माह 20 जून को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे चूंकि उनकी जन्म तिथि 21 जून 1965 हैं. हालांकि क्योंकि वह किसी संवैधानिक पद पर नहीं अपितु प्रदेश आईएएस कैडर के लिए निर्धारित वरिष्ठतम पद अर्थात मुख्य सचिव पद पर तैनात हैं एवं चूँकि अखिल भारतीय सेवाएं (मृत्यु एवं सेवानिवृति लाभ) नियमावली, 1958 के नियम 16 (1) के अनुसार आईएएस/आईपीएस/आइएफएस अधिकारी जिस महीने 60 वर्ष की आयु पूर्ण करता है, उसी माह की अंतिम तारिख की बाद दोपहर से वह सेवानिवृत्त होता है. इसलिए मुख्य सचिव रस्तोगी की आईएएस सरकार केंद्र को प्रदेश के मुख्य तैनात एवं रिटायर होने वाले आईएएस अधिकारी को अधिकतम छः माह तक की सेवा में एक्सटेंशन प्रदान कर सकती है।

सम्भावना

छः महीनों के लिए आई.ए.एस. में एक्सटेंशन (सेवा-विस्तार) प्रदान किये जाने की प्रबल सम्भावना

## बाबा बंदा सिंह ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए : बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में सोमवार को सोनीपत में वीर सैनिकों के सम्मान में ह्रमहान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर का बलिदान दिवसह्ल मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बाबा बंदा सिंह को पुष्पांजलि अर्पित उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान दिया। बाबा बंदा सिंह बहादुर का अद्वितीय बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। श्री बड़ौली ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि यमुनानगर की पवित्र धरती पर सिख योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की स्मृति में भव्य स्मारक और संग्रहालय का निर्माण भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को उनके साहस, न्याय और बलिदान की गौरवगाथा से प्रेरित करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा के लिए महान योद्धा बंदा सिंह बहादुर का बलिदान विलक्षण है। उन्होंने कहा कि वीर बंदा सिंह ने मुगलों व अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनकी इस वीरता को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा बंदा सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

प्रेरणा

बंदा सिंह बहादुर की वीरता और बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा : मोहन लाल बड़ौली

## राष्ट्रीय सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए तैयारी बड़े स्तर पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में उन्होंने सोमवार को विधान सभा सचिवालय में प्रदेश सरकार और हरियाणा विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रत्येक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। यह सम्मेलन हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में जुलाई के पहले सप्ताह में गुरुग्राम में होना प्रस्तावित है। विधान सभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय महत्व के विषय पर हो रहे इस सम्मेलन को सफल बनाना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न ह्यएक राष्ट्र एक विधायिकाह्ल की दिशा में बढ़ता हुआ महत्त्वपूर्ण कदम हैं। इस सम्मेलन के निमित्त शहरी स्थानीय निकायों की देश के विकास में सहभागिता को बढ़ाने का रोडमैप तैयार हो रहा है। इस वर्ष पटना में आयोजित पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भी इस संकल्प को दोहराया गया है। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है इतने महान लक्ष्य की पूर्ति के लिए आयोजित इस पहले बड़े सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा विधान सभा को मिली है।

## भाजपा सरकार के 11 साल 'दु:स्वप्न' से कम नहीं: कुमारी सैलजा

### कहा- किसान, बेरोजगार, युवा और महिलाएं सब भाजपा शासन में खुद को कर रहे हैं ठगा महसूस



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा न कहा कि मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल जनता के विश्वासघात से भरा है। इस कार्यकाल को सांसद ने विफलताओं, खोखले दावों और पूर्ववर्ती सरकारों की संपत्तियों पर ढोल पीटने का एक युग करार दिया है। यह सरकार खुद की कोई ठोस उपलब्धि नहीं गिना सकती। जिन योजनाओं या प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया गया, वे अधिकतर यूपीए सरकार द्वारा प्रारंभ की गई परियोजनाएं थीं। भाजपा ने सिर्फ पुरानी सरकारों की बनाई हुई संपत्ति को बेचने या पुनः उद्घाटित करने का कार्य किया है जैसे रेलवे स्टेशन, एम्स, सड़क परियोजनाएं, शिक्षा संस्थान आदि। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार की नीतियां सिर्फ झूठे प्रचार, सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े दावों, और जुमलों के सहारे जनता को गुमराह करने तक सीमित रहीं। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का नारा अब कुछ का साथ, बाकी का विनाश में बदल गया है। आमजन, किसान, बेरोजगार युवा और महिलाएं सब इस शासन में खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसी सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था पर इनके राज में बेटियां तक सुरक्षित नहीं है, महिला विरूद्ध हो रहे अपराध इसका जीता जागता सबूत है, सरकार इनसे भाग नहीं सकती और न ही इन आंकड़ों को झुठला सकती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की नीति सदैव जनता के हक की लड़ाई लड़ना रही है न ही भाजपा नेताओं की भांति केवल फोटो खिंचवाने और इवेंट्स करने की। भाजपा सरकार की मनमानी के चलते देश में आर्थिक असमानता बढ़ी है, संस्थाएं कमजोर की गई हैं, और लोकतंत्र को खोखला किया गया है। यह जश्न नहीं, आत्ममंथन का समय है। भाजपा को इस बात तो लेकर मंथन जरूर करना चाहिए कि उसने जनता से क्या वायदा किया था और कौन-कौन से वायदे पूरे किए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस का पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन देने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। सरकार को शिक्षा, बेरोजगारी, किसान, महिला अधिकार पर ज्यादा जोर देना चाहिए। भाजपा ने अच्छे दिन का वादा किया था पर हकीकत में यह दुःस्वप्न साबित हुआ है। पिछले 11 वर्षों में 140 करोड़ लोगों का हर वर्ग परेशान रहा। युवाओं से सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था, नौकरी देना तो दूर करोड़ों नौकरियां गायब हो गई। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई, ऊपर से रबर की गोलियां खानी पड़ीं।

# मोदी सरकार ने 11 साल में देश की प्रगति के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए : मनोहर लाल

**कार्यशाला**

**कांग्रेस के लम्बे शासन काल की तुलना में भाजपा सरकार 33 साल में तेजगति से 13 गुणा अधिक करेगी विकास**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवसीय व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस के लम्बे शासन काल की तुलना में भाजपा सरकार 2014 से लेकर वर्ष 2047 तक 33 सालों में तेजगति से 13 गुणा अधिक विकास कार्य करेगी और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ देश की आम जनता अपना भरपूर सहयोग दें और पिछलें 11 वर्षो के दौरान केंद्र की सरकार ने देश की प्रगति और खुशहाली तथा हर वर्ग के कल्याण के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका हर वर्ग के व्यक्ति लाभ उठा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मोदी सरकार 11 साल संकल्प से सिद्धी तक करनाल लोकसभा क्षेत्र की कार्यशाला में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार ने अपने सुशासन के 11 साल पूरे कर लिए है। भारत सरकार ने इस अवधि के दौरान देश को विकास के मामले में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया है और पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाने को कार्य किया है। इतना ही नहीं कई बड़े-बड़े ऐतिहासिक फैसलों से दुनिया के अन्य देश भी अचंभित हो गए है।

उन्होंने कहा कि इनमें करीब 5 हजार साल पुरानी हिंदू धर्म की आस्था का केंद्र राम मंदिर का निर्माण, धारा-370 को हटाना, आंतकवाद का डटकर विरोध व मुकाबला करना, महिलाओं के सम्मान के लिए तीन तलाक पर रोकथाम, महिलाओं की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गरीब वर्ग के लोगों के लिए मुफ्त राशन व मकान और शौचालय, सस्ती दर पर गैस सलेडर, स्वास्थ्य गारंटी के लिए आयुष्मान कार्ड, वक्फ कानून बनाए। इसके इलावा आर्थिक दृष्टि देश के दुनिया की चौथी शक्ति बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 11 का अंक शुभ होता है केंद्र व राज्य के 11-11 साल सुशासन के पूरे हो चुके है और अगले 11 व 11 सालों में यानि 2047 तक भाजपा सरकार के 33 साल पूरे हो जाएंगे और इस अवधि में भारत दुनिया के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि केंद्र व राज्य सरकार कि कल्याणकारी योजना को पिछली सरकारों से तुलना करते हुए जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला में शामिल पार्टी कार्यकर्ता बूथ लेवल व शक्ति केंद्र कार्यकर्ता तक बात पहुंचाएं, ताकि आमजन तक पार्टी की नीतियों व कामों को पहुंचाया जा सके।




सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा में बीते 11 साल की सरकार के दौरान जो सरल व्यवस्था और परिवर्तन के माध्यम से बदलाव आया है, उसे आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद व जातिवाद की व्यवस्था व तबादला उद्योग, नौकरी उद्योग के खात्मे की बदौलत प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है।

डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जो सरकार बनी थी, उसने घुण लगी व्यवस्थाओं का सुधार करते हुए विकासवाद की नीति को गति दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है।

# रोड पर रोती मिली उड़ीसा की महिला

**जांच शुरू**

**बहन पर लगाए बेचने के आरोप पति की तस्वीर और बस टिकट मिला**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नेशनल हाईवे पर नई अनाज मंडी के पास पुल के नीचे सोमवार दोपहर को एक महिला बेसुध और रोती-बिलखती हालत में मिली। महिला की हालत देखकर राहगीर चौंक गए। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे और आंखों से लगातार आंसू बह रहे थे। वहां एक रेहड़ी लगाने वाले युवक ने उससे बात की तो उसने जो कहानी बताई, वह सुनकर हर कोई हैरान रह गया। महिला ने बताया कि उसे उसकी बहन करनाल लेकर आई थी और यहां पर बेचकर छोड़ गई। युवक ने पुलिस को कॉल किया और ईआरवी पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू की।

नई अनाज मंडी के पुल के नीचे रेहड़ी लगाने वाले युवक ने बताया कि वह रोजाना यहां रेहड़ी लगता है। महिला मंडी की तरफ से आई और उसके पास जाकर रोने लगी। वह कहने लगी कि मुझे मेरी बहन यहां बेचकर चली गई है, मुझे घर जाना है, मुझे उड़ीसा भेज दो। युवक ने जब उससे कहा कि रेलवे स्टेशन का रास्ता बता देता हूं तो वह और जोर से रोने लगी। युवक ने हालात को देखते हुए तुरंत डायल-112 पर कॉल कर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने साथ ले गई।



डायल-112 के इंचार्ज बलकार सिंह ने बताया कि महिला की हालत बहुत खराब थी। उसके पास एक पर्स था, जिसमें एक बस का टिकट और कुछ दस्तावेज मिले। बस टिकट 8 जून का है और यह पानीपत के नए बस स्टैंड से करनाल का है। महिला के पर्स से उसके पति की एक फोटो भी मिली और साथ ही एक कागज पर उड़ीसा का एड्रेस और एक नंबर लिखा मिला, जो उसके भतीजे विक्रम नायक का निकला। जब पुलिस ने उस नंबर पर कॉल की तो विक्रम ने बताया कि यह हमारी चाची है, लेकिन वह किसके साथ गई थी, इसकी जानकारी हमें नहीं है।

पुलिस ने महिला से बातचीत की तो वह उड़ीसा की स्थानीय भाषा में बात कर रही थी और अपना नाम मोरकेसिया बता रही थी। लेकिन पुलिस को इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई कि मोरकेसिया ही उसका सही नाम है या भाषा के कारण कुछ और समझ में आया है। महिला बार-बार एक ही बात कह रही थी कि मुझे मेरी बहन यहां लाई और बेच दिया। अब मेरा घर बर्बाद हो गया है, मेरा संसार उजड़ गया है। मुझे उड़ीसा वापस पहुंचा दो।

पुलिस महिला को फिलहाल सुरक्षा में लेकर मामले की जांच कर रही है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि महिला को कौन लेकर आया था, वह पानीपत से करनाल कैसे आई और इस दौरान वह कहां-कहां रुकी। महिला के बयान के आधार पर भी जांच कर रही है। फिलहाल महिला की मानसिक स्थिति बेहद खराब है और उसे

# एक पेड़ मां के नाम लगाने को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों और डीएफओ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश को हरा, भरा बनाने के निर्देश दिए।

वर्चुअल बैठक के बाद अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ पंकज ने सम्बन्धी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिले में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिले में 4 लाख 26 हजार 940 पौधे लगाए जाएंगे। 2 लाख 33 हजार 500 पौधे फ्री में वितरित किए जाएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों से जिले में लगाए जाने वालों वाले पेड़ों की क्वालिटी ,संख्या और लक्ष्य भी जाना। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए व उसका संरक्षण भी करना चाहिए।




निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गत वर्ष इस पहल के जिले में सकारात्मक परिणाम रहे हैं। इसमें सभी नागरिकों ने इस अभियान को बल देना है व इसे कामयाब बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में पौधारोपण का लक्ष्य भी तय किया जाएगा। हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।

निगम आयुक्त ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया कि वो एक पेड़ मां के लिए जरूर लगाए व साथ ही उसका संरक्षण भी करें। उन्होंने इस वर्ष के पेड़ लगाने के लक्ष्य की भी जानकारी ली। निगम आयुक्त ने नागरिकों से प्रकृति की रक्षा के अभियान में शामिल होने तथा पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

निगम आयुक्त ने कहा कि व्यापक स्तर पर पौधारोपण का उद्देश्य नागरिकों को सतत विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है।

# शहर थाना पुलिस की जुआरियों पर दबिश, 11 लोग काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा..(रणबीर खटक)...** पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता के निदेर्शानुशार गैरकानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की शहर थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पर दबिश देते हुए 11 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 8 लाख 15 हजार 300 रुपए की जुआ राशि बरामद करने में सफलता हासिल की है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए थाना शहर सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि थाना शहर सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान बाल्मिकी चौक सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी । इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की दीपक कुमार उर्फ काका पुत्र जय सिहं निवासी चण्डीगढिया मौहल्ला सिरसा अपने मकान में 9/10 व्यक्ति को बैठकार ताश के पत्तों से जुआ खिला रहा है ।

# बढ़ती गर्मी से सावधानी व बचाव जरूरी: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी लगातार बढ़ रही है और आने वाले दिनों में ओर अधिक बढ? का अनुमान है। ऐसे में सभी को गर्मी एवं लू से बचाव व सावधानी रखनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी व लू के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। ऐसे में गर्मी व लू जानलेवा भी साबित हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि सभी लोग निरंतर रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से मौसम के तापमान की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचने के लिए सावधानी बरती जा सके। गर्मी के दौरान पर्याप्त मात्रा में जितनी बार संभव हो पानी पियें भले ही प्यास ना लगी हो। इसके साथ ही जब भी धूप में घर से बाहर निकले तो हल्के रंगों के ढीले फिटिंग के और सूती कपड़े पहने। साथ ही सुरक्षात्मक चश्में, छाता, पगडी, दुपट्टा, टोपी, जूते या चप्पलों का उपयोग करें। यात्रा के समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।

यदि किसी का कार्यक्षेत्र इस प्रकार का है कि धूप में कार्य करना होता है तो धूप से बचाव के लिए टोपी या छाते का उपयोग करें तथा अपने सिर, गर्दन व चेहरे पर गीला कपड़ा जरूर रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार को बताएं मन की बात

टीम एक्शन इंडिया

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन एचटीटीपीएस://ग्रामदर्शनडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन/ पोर्टल शुरू किया गया है।

डीसी डॉक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है।

डीसी ने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है।

**अपने गांव की शिकायत ही की जा सकेगी दर्ज**

ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे।

**एसएमएस से मिलेगी सुझाव/शिकायत के स्टेटस की जानकारी**

पोर्टल पर सुझाव/शिकायत दर्ज कराने के साथ ही एक आईडी जेनरेट होगी जो संबंधित आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही आवेदक को समय समय पर सुझाव/शिकायत पर हुई कार्रवाई की अपडेट सूचना एसएमएस के मध्यम से मिलती रहेगी।

### कालेजों में दाखिले के लिए आनलाईन पंजीकरण की तारीख बढाई जाए- इनसो

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** शहर के सभी राजकीय कालेजो और एस.डी. कालेज, आई.बी कालेज, आर्य कालेजों में दाखिला पंजीकरण की तारिख बढाई जाए ।उक्त मांग छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेर्नाइजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा ।इनसो छात्र नेताओं ने बताया की पानीपत के सभी राजकीय और ऐडेड सभी 14 कालेजों में 15083 सीटो पर आनलाईन दाखिलो के लिए पंजीकरण 19 मई से शुरू हो चुका है जो आज 9 जून रात 12 बजे तक होगा जबकि जिले में 12वी में हरियाणा बोर्ड में 10175 और सीबीएसई में 5650 विधार्थी पास हुए है इस प्रकार से छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण व नेट सर्वर डाऊन होने के कारण कालेजों में दाखिलों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे है और पहले 2,3 पोर्टल भी सही नहीं चल पाया और बीच बीच मै पोर्टल की स्पीड भी कम होती रही जिससे भी छात्र आवेदन नहीं कर पाए ह इनसो छात्र नेताओ ने बताया की पंजीकरण करवाने का समय जो 19 मई से 9 जून तक है यह समय छात्र व छात्राओं की संख्या ज्यादा होने के कारण बहुत कम है क्योकि जो छात्र 12वी पास करके कालेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवाने आ रहे है उनमें बहुत से छात्र ऐसे है जिनके पास पूरे डोकोमेंट नहीं हो और उन्हें वो तेयार करने में समय लगता है जिसके कारण आवेदन करने का समय कम रह जाने के कारण छात्र व छात्राएं डरे हुए है कहि वो दाखिला लेने से वंचित तो ना रह जाए क्योकि अभी भारी संख्या में छात्र रह चुके है इसलिए छात्र नेताओं ने मांग की है की इस कालेजों में आनलाईन पंजीकरण की तारिख 9 जून से बढाकर आगे की जाए जिससे सभी छात्र आवेदन कर पाएं।

# रॉग साइड से आई थार की टक्कर से बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के नूर महल चौक पर एक सडक हादसे में 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। रॉन्ग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार थार ने बच्ची को टक्कर मार दी। वह अपने भाई के साथ सामान लेकर घर लौट रही थी। बच्ची को गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से बिहार के जिला समस्तीपुर का रहने वाले उपेंद्र पासवान ने बताया कि वह सेक्टर-32 की झुग्गी बस्ती में रहता है और मेहनत मजदूरी करता है। 8 जून की शाम को उसकी बेटी रानी सेक्टर-8 से सामान लेकर घर लौट रही थी। रानी के साथ उसका छोटा भाई राजा भी था। दोनों पैदल घर की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वे दोनों नूर महल चौक पार कर रहे थे, उसी समय एक काले रंग की थार गाड़ी गलत दिशा से आई और रानी को जोरदार टक्कर मार दी।



टक्कर लगने से रानी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर एकत्रित लोगों ने तुरंत घायल बच्ची को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां से उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने रात को घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया था।

# खेतों की जमीन पर जबरन कब्जे को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**नारेबाजी**

**गांधी चौक पर रास्ता रोककर दिया धरना सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में किसानों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि मुस्तफाबाद गांव में माइनिंग कंपनी ने उनकी जमीन पर रेत डालकर जबरन कब्जा कर लिया है। न तो कंपनी के साथ किसी किसान ने कोई एग्रीमेंट किया है और न ही कोई प्रशासन के साथ अनुबंध हुआ। 6 दिन से किसान गांव में धरने पर बैठे थे, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनकी सुध लेने के लिए धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। इसके चलते आज सोमवार को भाकियू के नेतृत्व में किसानों ने करनाल के गांधी चौक पर रास्ता रोककर धरना दिया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि अपने आप ही कंपनियों ने 1 लाख रुपए सालाना ठेका मुकरर कर दिया और खेतों में धान के लिए उगाई गई किसानों की प्योद नष्ट करके रेत का स्टॉक लगा लिया। जिसके चलते पीड़ित किसानों ने प्रशासन के समक्ष भी गुहार लगाई और लिखित शिकायत दी थी। लेकिन आज तक भी प्रशासन ने किसानों की जमीन को ठेकेदार से खाली नहीं करवाया। आज भी ठेकेदार द्वारा किसानों के खेत में रेत के स्टॉक लगा रखे है।

रतनमान ने कहा कि मुस्तफाबाद में एक भी किसान की तरफ किसी माइनिंग वाले ने उंगली भी कर दी तो किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी, पूरे हरियाणा का किसान वहीं पर बैठा मिलेगा। कंडेला कांड के दौरान 9 किसान शहीद हो गए थे, लेकिन फिर भी किसान पीछे नहीं हटे थे, लेकिन प्रशासन को वहां से भागना पड़ा था। उन्होंने प्रशासन को भी चेताया कि या तो किसानों का समझौता करवाया जाए, अगर समझौता नहीं करवा सकते तो उन ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करो, जिन्होंने किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जे किए।

रतनमान ने कहा कि यह सरकार किसानों की जमीन छीन रही है। किसानों की कोई पूछताछ नहीं है। सीधे जमीन पर कब्जे हो रहे है और इसका उदाहरण मुस्तफाबाद में देखने को मिल रहा है। धक्के से रेत डालना शुरू कर दिया। गांव में भी हमारा धरना चला हुआ है और आज करनाल में भी धरना दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन को चेताया गया है कि इस समस्या का समाधान करे, अन्यथा भाकियू अगले कदम के लिए मजबूर होगी।

आज हमने करनाल में अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है, जिसमें कहा गया है कि सीएम किसानों की तरफ ध्यान दे और जबरन कब्जे से रोका जाए। ठेकेदार वहां पर किसानों को गोली मारने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन किसान गोलियों से डरने वाले नहीं है। पीड़ित किसान सुमित कुमार, राम सिंह, राजपाल ने बताया कि मुस्तफाबाद गांव में सरकार द्वारा माइनिंग की परमिशन दी गई है।

# कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर (धर्मबीर)**--हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस जगाधरी में नगर निगम, पब्लिक हैल्थ, बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, महापौर सुमन बहमनी,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मंत्री कंवर पाल मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को ससौली में नाली के पानी को आईपीएस में जोड़ने तथा तालाब का सौंदर्यीकरण व रास्ता बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडेबर में बड़े तालाब का सौंदर्यीकरण करने व चारों तरफ रास्ता बनाने के निर्देश दिए।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने समीक्षा बैठक में नगर निगम के अधिकारियों से चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। नगर निगम के आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि ओपन एयर थियटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है व 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। ओपन एयर थियटर का कार्य निर्धारित 20 मार्च 2027 तक पूर्ण करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्य नगर योजना के तहत विभिन्न सडक ों का मुरम्मत और नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है व 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य को 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करवा दिया जाएगा।



यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो भी कम्यूनिटी सेंटर बनाए गए है इनमें बिजली-पानी के कनैक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में सफाई व सीवरेज की समस्या आती है। इसके लिए सीवरेज व नालों की सफाई करवाएं और शहर में बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति न हों।

आयुक्त नगर निगम ने बताया कि यमुनानगर में ओ.पी. जिंदल पार्क के पीछे से डब्लयूजेसी के साथ अग्रसेन चौक तक रिवर फ्रंट का निर्माण का कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति 1287.32 लाख रुपये की निदेशालय, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा, पंचकूला से प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक पुस्तकालयों का निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति निदेशालय शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा, पंचकूला के द्वारा प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि हमीदा पार्क के निर्माण कार्य की प्रशासकीय व तकनीकी स्वीकृति मुख्यालय द्वारा प्रदान की जा चुकी है तथा डीएनआईटी स्वीकृति के लिए भेजा गया है व डीएनआईटी स्वीकृति उपरांत उक्त कार्य की ई-निविदाएं आमंत्रित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सभी वार्डों में 41000 स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा अब तक लगभग 7000 कन्वेन्शनल लाइट को बदलकर एलईडी लाइट लगवा दी गई है। इसके अतिरिक्त वार्ड नम्बर 1 व वार्ड नम्बर 13 में नई लाईट लगाने हेतु 3-3 टीमें कार्यरत है।

# नागरिकों की समस्याओं को दूर करने को लेकर अधिकारियों को और गहराई व समझ से करना होगा कार्य: निगम आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश भर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर नागरिकों के लिए सार्थक साबित हो रहे है। जिले में इन शिविरों का जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि जनता समाधान शिविर आम नागरिक की आशाओं व अपेक्षाओं पर पूर्व तरह से खरा उतर रहा है। विभागों के अधिकारी परिपक्कता से कार्य करके लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। आपसी समन्वय से लोगों के कार्य में स्थिरता दिखाई पडने.लग रही है। निगम आयुक्त ने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर और गहराई व समझ से कार्य करके जन समस्याओं का निदान करना होगा।



निगम संयुक्त आयुक्त ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपनी दमदार भूमिका निभा कर कसौटी पर खरा उतरने की आवश्यकता है। उनकी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा से ही बदलाव की झलक दिखाई पड़ेगी। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह लगातार समाधान शिविर पर निगरानी बरत रहे हैं, वे स्वयं वर्चऊल रूप से जुडक? भी समाधान शिविर का अपडेट ले चुके हैं। हर शुक्रवार को समाधान शिविर में पहुंचने वाल समस्याओं की समीक्षा की जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य के प्रति और गम्भीरता से अपनी डयूटी निभाएं क्योंकि जिस विभाग की ज्यादा समस्याएं हैं उनकी जवाबदेही ज्यादा होगी।

समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए डीएसपी हेडक्वाटर सतीश वत्स ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर इस तरह से कार्य करना चाहिए कि उसका अच्छा परिणाम दिखाई पड़े। इसके लिए उन्हें और प्रयास करने होंगे।

## संपादकीय

# डीएमके को क्यों नहीं हरा सकती भाजपा?

**राजनीति** में महात्वकांक्षा का बडा महत्व है और इस समय भाजपा देश की सबसे बडी महात्वाकांक्षी राजनीतिक दल है. भाजपा रोडमैप बनाकर राजनीति करती है और भाजपा ने अभी से मान लिया है कि भाजपा बिहार भले जीत ले लेकिन तमिलनाडु को नहीं जीत सकती. भाजपा के लिए तमिल अस्मिता को सिंदूरी रंग में रंगना आसान नहीं है. इसीलिए भाजपा के चाणक्य कहिये या भामाशाह यानि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मान लिया है कि डीएके को हराना भाजपा के बूते की बात नहीं है लेकिन शाह को भरोसा है कि तमिल जनता ही डीएमके को हराएगी. अमित शाह के हाव-भाव, बोलचाल से मैं रत्तीभर पसंद नहीं करता किंतु मै उनकी हाडतोड मेहनत और दृढ इच्छाशक्ति का मुरीद हूँ. किसी दूसरे दल के पास अमित शाह जैसा मेहनती नेता नहीं है. शाह दूर की कौंडी लेकर चलते हैं. आलोचनाओं से घबडाते नहीं हैं. तमिलनाडु को लेकर भी उन्होने जमीनी हकीकत जान ली है लेकिन तमिलनाडु में सत्ता हासिल करने का लक्ष्य नहीं छोडा है. अमित शाह के सपनों वाले तमिलनाडु की राजनीति के बारे में जान लीजिये. तमिलनाडु में अगले साल 2026में विधानसभा चुनाव हैं.तमिलनाडु का राजनीतिक परिदृश्य 2025 में द्रविड़ विचारधारा, क्षेत्रीय अस्मिता, और केंद्र-राज्य संबंधों पर केंद्रित है। तमिलनाडु में प्रमुख राजनीतिक दलद्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम यानि डीएमके वर्तमान में सत्तारूढ़ पार्टी है. एम.के. स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री हैं। आपको याद होगा कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने 10 साल बाद सत्ता हासिल की थी , जिसका कारण एआईएडीएमके की सत्ता-विरोधी लहर और गठबंधन रणनीति थी। डीएमके तमिल अस्मिता, भाषाई गौरव, और सामाजिक न्याय पर जोर देती है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा फॉमूर्ले का विरोध करती है, इसे हिंदी थोपने की साजिश मानते हुए हाल ही में डीएमके ने केंद्र सरकार पर परिसीमन और जनगणना 2027 को लेकर तमिलनाडु के संसदीय प्रतिनिधित्व को कम करने का आरोप लगाया है। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम प्रमुख विपक्षी दल है.जिसका नेतृत्व एडप्पादी के. पलानीस्वामी कर रहे हैं। 2021 में सत्ता गंवाने के बाद से ही एआईएडीएमके 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में सक्रिय है। हाल ही में केंद्र में बीजेपी के साथ गठबंधन करने का ऐलान किया है अमित शाह इस गठबंधश के योजनाकार हैं. हालांकि इस गठबंधन को लेकर दोनों दलों में कुछ मतभेद भी हैं।, खासकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई इन मतभेदों की जड हैं. आपको पता ही है कि भारतीय जनता पार्टी का तमिलनाडु में प्रभाव सीमित रहा है, लेकिन के. अन्नामलाई के नेतृत्व में पार्टी ने वोट शेयर को 3.66 फीसदी से बढ़ाकर 11.1 फीसदी किया है। तमिलनाडु में द्रविड़ दलों की मजबूत जड़ों के कारण बीजेपी को सत्ता में आने के लिए कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।बीजेपी ने तमिल संस्कृति और रामसेतु जैसे प्रतीकों के जरिए अपनी पैठ बनाने की कोशिश की, लेकिन हिंदी विरोध और द्रविड़ अस्मिता जैसे मुद्दों ने इसे मुश्किल बनाया। तमिलगा वेट्री कझगम तमिल सुपरस्टार विजय ने 2024 में अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू की, जिसे 2026 के विधानसभा चुनाव में एक नया विकल्प माना जा रहा है।

# युद्ध लोलुपता और आतंकवाद का परिणाम

संजीव ठाकुर

> "सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया
> निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है ।यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।"



**भारत** को पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 700 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है। रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं जवाब में रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार श्रृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है, अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।
रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।
यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया
निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।

## कविता

### झूमता बसन्त है

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# राजा की हत्या और वायरल न्यायः बेवफाई की सजा किसे?

**शादी** हुई 11 मई को, 20 को हनीमून, 23 को हत्या, 2 जून को शव, 9 जून को गिरफ्तारी यह आंकड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि एक नवविवाहित पति की मौत और एक स्त्री के प्रेम, छल और अपराध के बीच बहते खून की कहानी है। यह किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं, बल्कि हमारे समाज में हो रही मानसिक गिरावट और रिश्तों की ट्रैजेडी का आईना है। लेकिन इस बार घटना की तरह, उसका सोशल मीडिया ट्रायल उससे भी ज्यादा वीभत्स निकला।

**हनीमून का अंतिम पड़ावः एक खाई, एक शव**

राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी – नामों में प्रेमी-युगल सा अहसास, पर कहानी में विष घुला हुआ था। 11 मई को विवाह हुआ, 20 मई को दोनों मेघालय गए, 23 को पति लापता, और 2 जून को गहरी खाई में उसका शव बरामद।
9 जून को पत्नी सोनम और उसके तीन साथियों की गिरफ्तारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक पूर्व-नियोजित हत्या थी। इस मामले में जितनी क्रूरता हत्या में थी, उससे कहीं अधिक निर्ममता समाज की प्रतिक्रियाओं में देखने को मिली।
फूहड़ औरत, सभी औरतें धोखेबाज होती हैं, शादी से डर लगने लगा है, जैसी टिप्पणियाँ, वायरल पोस्टों के जरिए पूरे स्त्री समाज को कटघरे में खड़ा कर रही हैं।
सवालः अपराध किसका है? महिला का या स्त्रीत्व का?
क्या सोनम की करतूत से हर औरत दोषी है?
क्या राजा की मौत सिर्फ.एक प्रेमी के छल की कहानी है या एक समाज की विफलता भी?
रिश्तों की हत्या में केवल खंजर नहीं होता – झूठ, लालच, डर, दिखावा और दोहरे संबंध भी हत्यारे होते हैं। लेकिन जब किसी महिला द्वारा अपराध होता है, तो उसे सिर्फ एक आरोपी नहीं, बल्कि पूरे लिंग की प्रतिनिधि मान लिया जाता है।
सवाल यह है कि यदि कोई पुरुष अपनी पत्नी को मार दे, तब समाज पुरुषों को दोष मत दो कहता है, लेकिन जब एक महिला पति को मारती है, तब सब औरतें ऐसी ही होती हैं कह कर स्त्रीत्व को कलंकित किया जाता है।

**वायरल पोस्ट्स और इंस्टा-न्याय**

सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है जिसमें घटना की टाइमलाइन दी गई है, और अंत में स्त्रियों को सावधान करने की बात कही गई है। इस पोस्ट को हजारों लाइक्स, शेयर और व्यूज मिल रहे हैं।

## विचार

# एआइ दिखाने लगी है अब बगावती तेवर!

**सुनील कुमार महला**

**आज** का युग एआइ यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है।यह ठीक है कि एआइ ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआइ हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआइ का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में,ऑटो सेक्टर,वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में,डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने,24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने,ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने,आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने,वित्तीय नियोजन में सुधार करने,जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूवार्नुमानित रखरखाव को सक्षम बनाने,सामग्री निर्माण को सरल बनाने,रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने,कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने,गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआइ का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ साथ ही आने वाले समय में एआइ मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में यह सामने आया है कि एआइ पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल,एआइ ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआइ मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें।अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होता देखा है लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआइ टूल ने शट-डाउन होने और इंसानी बातें मानने से इनकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआइ के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआइ सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआइ मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआइ सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआइ न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआइ के लेटेस्ट चैटजीपीटी o3 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, o3 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की।
यही नहीं, कोडेक्स मिनि और o4-मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआइ का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि एआइ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआइ ने मानव को।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पर्ची का खेला, क्लीनिक ने झेला

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

गुप्ता जी के क्लीनिक के शटर बंद होते ही मोहल्ले में एक अजीब-सी खामोशी छा गई, जैसे रेडियो पर बिनाका गीतमाला के बीच अचानक बिजली चली गई हो। अब ना वो पुराना घंटी वाला दरवाजा बजता, ना उनकी खाँसती आवाज में वो मशहूर डायलॉग सुनाई देता - दवा नहीं, भावना से इलाज होगा। मोहल्ले का एकमात्र वाई-फाई जो भावनात्मक नेटवर्क से चलता था, अब नो सिग्नल दिखा रहा था। बूढ़े शर्मा जी, जिनकी कमर सालों से सीधी नहीं हुई थी, अब हर सुबह क्लीनिक के बंद शटर के सामने तख्त पर बैठकर झाड़ू लगाते, जैसे गुप्ता जी आएंगे तो देखेंगे कि मोहल्ला उन्हें भूला नहीं। लोगों ने कहानियां सुनानी शुरू कर दी थीं, जैसे गुप्ता जी कोई डॉक्टर नहीं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। याद है, कैसे उन्होंने पप्पू के पित्त की गर्मी सिर्फ छातीकटोरी से कम कर दी थी? हां हां, और वो कमला बुआ का दमा, जिस पर दवा ने नहीं, गुप्ता जी की मुस्कान ने असर किया था। बच्चों ने तो अपने स्कूल प्रोजेक्ट में गुप्ता जी को लोकल हीरो घोषित कर दिया था झ्र एक ने तो पोस्टर बनायाः अवर ऐरन मैन विथाउट ऐरन टेबलेट्स. मोहल्ले की दीवारों पर किसी ने चॉक से लिखा गुप्ता जी अमर रहें। और नीचे किसी ने जोड़ दिया - कम से कम हमारी यादों में। गुप्ता जी अब भी उसी मोहल्ले में रहते थे, लेकिन जैसे कोई परछाई हो जो दिन में दिखती नहीं, रात में डराती है। वह रोज अपनी खिड़की से बाहर झांकते और सोचते क्या पर्चियाँ भी गुनाह हो गईं? उनकी आंखों में वो सवाल था जो हर बुजुर्ग बाप की आंखों में होता है झ्र क्या मैंने सच में कुछ गलत किया? एक दिन किसी ने उन्हें रोते देखा मैंने तो लोगों की तिजोरी नहीं, तकलीफें हल्की की थीं। लेकिन ये बयान किसी प्रेस नोट में नहीं छपा। मोहल्ले के अखबार में अब हेल्थ टिप्स तो छपते थे, लेकिन गुप्ता जी की टीप वाली हँसी नहीं। और फिर आई वो खबर - गुप्ता जी को सरकारी नोटिस मिला कि उनकी क्लीनिक लाइसेंस के अभाव में स्थायी रूप से बंद मानी जाएगी। जिस दिन उन्होंने वो चिट्ठी पढ़ी, मोहल्ले के पेड़ों से भी पत्ते नहीं गिरे।

# नेत्रदान: आपका अंतिम उपहार - किसी की पहली रोशनी

**जब** जीवन की अंतिम साँसें गिनती शुरू होती हैं, तब भी किसी और के जीवन में उजाला भरने का संकल्प लेना इंसान को साधारण से असाधारण बना देता है। नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो न केवल हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करता है, बल्कि किसी अंधेरी दुनिया में रोशनी की किरण बनकर किसी और का जीवन संवार देता है। विश्व नेत्रदान दिवस, जो हर साल 10 जून को मनाया जाता है, हमें यह अवसर देता है कि हम अपनी आँखों से केवल अपनी दुनिया को ही नहीं, बल्कि किसी और की दुनिया को भी रंगों से भर दें। यह एक ऐसा मौका है, जो हमें याद दिलाता है कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा किसी को देखने की शक्ति देना है। भारत में नेत्रहीनता एक गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं, और इनमें से करीब 20 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि प्रदान की जा सकती है। नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट के आँकड़ों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष केवल 50,000 से 60,000 नेत्रदान होते हैं, जबकि आवश्यकता 1 लाख से अधिक कॉर्निया की है। इस कमी का प्रमुख कारण है जागरूकता की कमी, सामाजिक मिथक, और नेत्रदान की प्रक्रिया के प्रति भय। कई लोग यह मानते हैं कि नेत्रदान से मृत शरीर की शक्ल बिगड़ जाती है या यह धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। लेकिन सच्चाई यह है कि नेत्रदान एक सरल, सुरक्षित और मानवीय प्रक्रिया है, जो किसी की भी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का उल्लंघन नहीं करती। नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जो कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है। मृत्यु के 6 से 8 घंटों के भीतर कॉर्निया निकाल लिया जाता है, जो आँख का वह पारदर्शी हिस्सा है, जो प्रकाश को केंद्रित करता है। यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म होती है कि मृत व्यक्ति के चेहरे की सामान्य पहचान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। राष्ट्रीय नेत्र बैंक और अन्य प्रमाणित संस्थानों ने इस प्रक्रिया को और भी विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0: पात्र व्यक्तियों को 100-100 गज के प्लाट आवंटित करने के लिए होगा ग्राम सभा आयोजन

**इन्द्री (मैनपाल कश्यप )**'खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुर मालक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आने वाले पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाट आवंटित करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन कर रहा है ।
बीडीपीओ गुर मालक सिंह जी ने बताया कि 12 जून को ग्राम पंचायत रैहतखाना को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा ।

### हरियाणा कौशल रोजगार में नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगने वाला गिरफ्तार



**कैथल (नसीब सैनी)।** नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए बरटा निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। बरटा निवासी दिनेश की शिकायत के अनुसार वह उसके छोटे भाई को नौकरी लगना चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत बरटा निवासी सेवा सिंह से हुई। सेवा सिंह ने बताया कि उसके हरियाणा कौशल रोजगार में निगम के अधिकारियों से जान पहचान है। वह उसे व उसके भाई को हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नौकरी दिलवा देगा। इस पर बाद में सेवा सिंह ने उसे विक्रम, संजीव, नैंसी, जसपाल और गुरमीत कुंडू से मिलाया। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथियां में उससे 20 लाख रुपए की राशि ले ली तथा जल्द ही नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। बार-बार आश्वासन के बावजूद जब उसे नौकरी नहीं मिली तो उसने आरोपियों से अपनी राशि वापस लेने की मांग की तो आरोपियों ने राशि देने से इंकार कर दिया। इस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त मामले में पहले ही 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी का सोमवार को अदालत से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

### 13 जून को बाल दिवस-2024 का पुरस्कार वितरण समारोह करनाल में राज्यपाल दत्तात्रेय व सीएम की धर्मपत्नी सुमन करेंगी शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा बाल दिवस-2024 के उपलक्ष में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 13 जून को करनाल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में होगा।
इस कार्यक्रम के संबंध में करनाल सीटीएम मोनिका ने बाल कल्याण परिषद के अधिकारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी करनाल एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 13 जून को करनाल के मंगलसेन सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस-2024 में विजेता बच्चे हिस्सा लेंगे। प्रदेशभर से बच्चे इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्हें राज्यपाल बंडारू दतात्रेय व राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी पुरस्कार देंगी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच होगा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह**

बाल कल्याण अधिकारी सरोज बाला ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए बच्चे अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। गर्मी के मौसम के मद्देनजर विभाग द्वारा बच्चों के लिए पीने का पानी व खाने की व्यवस्था कर रखी है। छात्र विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य अतिथि के समक्ष देंगे।
छात्रों में पैदा होता है आत्मविश्वास
सरोज बाला ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित होते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं हिस्सा लेती हैं। इन कार्यक्रमों का आयोजन करना छात्रों के मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाना है।

# 783 प्रतिभागियों ने योग अभ्यास के साथ लिया पेड़ लगाने का प्रण : डा. सतपाल


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज ने बताया कि आज 9 जून को आयुष विभाग करनाल द्वारा दो कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रथम कार्यक्रम सैक्टर-12, करनाल के फव्वारा पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें हरियाणा अर्बन डेवेलपमेंट अथॉरिटी (हुडा) के कर्मचारी व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य शामिल रहे। द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार में आयोजित किया गया, जिसमें 718 कैदियों ने भाग लिया प्रथम कार्यक्रम जो कि सैक्टर-12 करनाल के फव्वारा पार्क आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मेरा मिशन भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटीइ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ऊं के पवित्र



उच्चारण के साथ का करवाया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी एवं उनकी टीम की महिला प्रमुख नीलम बठला, निधि गुप्ता, एनफ चौधरी, राधिका भाटिया, कोमल कंबोज, नरेंद्र खोखर, रामपाल ने मंच पर योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया, जिसमें आसनों, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवाया गया एवं कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग द्वारा 60 पौधों व पेड़ों का वितरण व पौधारोपण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय पेड़ व पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में आयुष विभाग से ब्लॉक इंचार्ज डॉ.नितिन रोहिला, डॉ.हर्ष, डॉ.चाँद, फार्मासिस्ट नरेश, जोगिंदर, आयुष विभाग के योग सहायक एवं योग इंस्ट्रक्टर भी मौजूद रहे। द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार में जेल अधीक्षक जिला कारागार लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में विशेष योग शिविर लगाया गया, जिसमें आज 718 कैदियों ने भाग लिया। शिविर में योग सहायक गीता दहिया, कुसुम रानी द्वारा महिला कैदियों को तथा सोनू पाल द्वारा पुरुष कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न औषधीय पेड़ व पौधों का वितरण व रोपण का कार्य भी संपन्न किया गया।
आयुष विभाग के ब्लॉक इंचार्ज डॉ नितिन रोहिला ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत सरकार द्वारा हरित योग अभियान में 50 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए प्रतिदिन बढ़-चढकर वृक्षारोपण करवाया जा रहा है। योग कार्यक्रम के साथ-साथ पौधा वितरण व रोपण का कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पौधे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## खरखौदा के इस स्कूल ने दान की नर्सरी से 12वी तक की पुस्तकें

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी/टीम एक्शन इंडिया**
ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल खरखौदा का समाज सेवा में योगदानः ठाकुर जी की रसोई को दान की किताबें, ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल, खरखौदा ने समाज सेवा में एक और कदम बढ़ाते हुए नर्सरी से बाहरवीं तक की पुस्तकें ठाकुर जी की रसोई संस्था को दान में दी हैं।
इस दान के लिए ठाकुर जी की रसोई की टीम ने ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल और उनकी टीम का हृदय से धन्यवाद किया है।
*निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध
ठाकुर जी की रसोई की टीम ने लोगों से अपील की है कि जो भी विद्यार्थी पुस्तकें लेना चाहते हैं। वे जयनारायण धर्मशाला, दिल्ली गेट, खरखौदा पर संपर्क कर सकते हैं। ये पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा, टीम ने लोगों से आग्रह किया है कि वे कपड़े या पुस्तकें दान करने में भी सहयोग कर



सकते है।
*समाज में शिक्षा और सेवा की मिसाल*
ठाकुर जी की रसोई की टीम ने कहा कि ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल की यह नेकी समाज में शिक्षा और सेवा की एक नई मिसाल बनकर हमेशा याद की जाएगी। इस पहल से निश्चित रूप से समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को लाभ मिलेगा और वे अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकेंगे।

## करंट लगने से कर्मचारी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )**ब्याना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है। जहां करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सोमवार को पावर हाउस गढ़ी बीरबल के अंतर्गत आने वाले ब्याना सबस्टेशन में कार्यरत घीड निवासी 34 वर्षीय कर्मचारी प्रिंस कुमार की करंट लगने के कारण मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार चांदसमंद के एक किसान ने अपने खेत में लाइन खराब होने शिकायत दी थी। जिसके बाद प्रिंस एमएलएम लाइन में आए फॉल्ट को ठीक करने के लिए किस के खेत में गया था।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में करोड़ों की गड़बड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली )**
:नूंह जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2022 - 23 के अंतर्गत बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (हरियाणा), गुरुग्राम द्वारा की गई जांच के आधार पर भ्रष्टाचार करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले नूंह पुलिस ने केस दर्ज किया था। अब पिनगवां थाने में भी इसी प्रकार सहरूना पत्नी मुस्ताक अहमद व मोहम्मद परवेज पुत्र सब्बीर अहमद सहित कई बैंक और सहकारी समिति अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के



अनुसार, सहरूना को करोड़ों रुपए की बीमा राशि विभिन्न खातों में प्राप्त हुई, जिनके लिए जाली दस्तावेजों और फर्जी किसानों की आईडी का प्रयोग किया गया। उसकी ओर से कुल 30,49,244.27 रुपए की बीमा राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर हुई, जिसमें से कुछ खातों में नाम किसी अन्य किसान का था, जबकि पैसे सहरूना को मिले। इसी प्रकार, मोहम्मद परवेज के खाते में लगभग 40,82,137 रुपए की बीमा राशि प्राप्त हुई, जबकि उसके पास उक्त जमीन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। बीमा आवेदन में उपयोग किए गए नाम, जैसे कि असलम खान, वकील पुत्र उमर, अकबर पुत्र दिलावर आदि असल किसानों से मेल नहीं खाते। जांच में सामने आया है कि इस धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए संबंधित सहकारी बैंकों के कर्मचारियों, नीति निमार्ताओं और कृषि विभाग के कर्मचारियों ने साजिश के तहत योजना बनाई।
जिन व्यक्तियों की भूमिका जांच में प्रमुख पाई गई, उनमें मुबीन खान, मोहम्मद सोहेल और प्राथमिक कृषि सहकारी समिति पिनगवां के तत्कालीन प्रबंधक शामिल हैं। इन पर धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करना, सामूहिक अपराध व आपराधिक षड्यंत्र के आरोप में थाना पिनगवां में मामला दर्ज किया गया है।

## महिला पुलिस की टीमों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा -(रणबीरखटक)--**
पुलिस अधीक्षक सिरसा के निदेर्शानुसार महिला थाना की पुलिस टीमों ने शहर सिरसा के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए । ट्रैफिक नियमों की अवहेलना कर दूसरों की जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। महिला पुलिस की टीमों ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देनी चाहिए ,क्योंकि दिन प्रतिदिन बच्चों से जुड़े सड़क दुर्घटना के मामलें काफी बढ़ रहे हैं । महिला थाना की पुलिस टीमों ने बताया कि बच्चों द्वारा अक्सर पैदल पथ,साइकिल पर रास्ता पार करते या बस से उतरते समय ट्रैफिक नियमों की पालना न करने के चलते अक्सर सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते है । पुलिस टीमों ने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए । उन्होने कहा की सरकार द्वारा निर्धारित 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें, । उन्होंने कहा कि वाहन चालक अपने वाहनों को पार्किंग में ही लगाकर,शहर के सौंदर्यकरण को बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाए रखने के लिए अहम भूमिका अदा करें है।

## सीएम की घोषणा के बाद जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का धन्यवाद करने पहुंचे शिक्षा सहायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली):**
**नूंह** जिले के करीब पांच सो शिक्षा सहायकों को वर्ष 2026 तक बहाल करने पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू बाबा का धन्यवाद करने के लिए उनके उजीना स्थित निवास स्थान पर सैकड़ों की संख्या में शिक्षा सहायक पहुंचे। इस दौरान शिक्षा सहायकों ने उन्हें पगड़ी बांधकर और मिठाई खिलाकर धन्यवाद किया। शिक्षा सहायकों ने सीएम नायब सैनी का भी धन्यवाद किया। जिला अध्यक्ष ने कहा जिले के करीब पांच सो शिक्षा सहायक



पिछले दो महीने से अपने घर बैठे थे। सीएम ने अपने नूंह दौरे के दौरान न केवल शिक्षा सहायकों को वर्ष 2026 तक बहाल किया बल्कि उनका मानदेय बढ़ाने और नूंह मेवात में ओर शिक्षा सहायकों की भर्ती की भी घोषणा की। जिला अध्यक्ष ने कहा की हमारी भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास पर चलकर प्रदेश में नॉनस्टॉप विकास करा रही है। उन्होंने कहा कि में भी अध्यापक हूं अध्यापक रहा हूं और अध्यापक राष्ट्रीय निमार्ता है। ये तो केवल सेवा कर रहे हैं ये कोई तनख्वा पर काम नहीं कर रहे है, सरकार इनको मानदेय दे रही है। और कुछ जो ऑफिस में बैठे हुए क्लर्कों की गड़बड़ी के कारण ही इनको दो महीने घर बैठाना पड़ा। अगर ये गड़बड़ी नहीं करते तो शायद इससे पहले ही इनका काम हो जाता। क्योंकि हमारी सरकार है कि वह देर नहीं लगाती वह काम में देर नहीं करती। लेकिन जो काम को रोक देते हैं, उनका भी इलाज कर रहे हैं। नायब सैनी मुख्यमंत्री पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने सोचा कि मेवात जिले को किस तरह से शिक्षा पर शिक्षा को कैसे आगे बढ़ाया जाए। और आज जिले के शिक्षा सहायक उनका धन्यवाद करने आए है। यह कोई बड़ी बात नहीं के धन्यवाद किया जाए। कोई अपने काम में क्या धन्यवाद करना हैं। ओर हम तो ईश्वर से यही प्रार्थना करेंगे कि यह इस तरह आगे बढ़ते रहे कोशिश करें। इस अवसर पर पुनहाना से भाजपा प्रत्याशी रहे एजाज खान,मास्टर चेतराम,जगदीश भाटी,ऊषा रानी,अशफाक और सैकड़ों की संख्या में शिक्षा सहायक मौजूद रहे।

# जेजेपी की जिला कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा में राजनीतिक दलों के बीच संगठन को मजबूत करने की होड़ तेज होती जा रही है। कांग्रेस जहां पिछले एक दशक से संगठन को खड़ा करने की बात कहती रही है, वहीं इनेलो भी संगठन विस्तार में लगी है। इसी बीच जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने करनाल में अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन किया।
गुरदेव रंबा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही सदस्यता अभियान की तारीखें तय करते हुए संगठन विस्तार की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। जेजेपी की बैठक के बाद जब



मीडिया ने कांग्रेस के संगठन को लेकर सवाल किया तो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2013 से संगठन बनाने की बात कर रही है, लेकिन आज तक वह संगठन नहीं बन पाया। जेजेपी जल्द ही पूरे राज्य में अपना मजबूत संगठन तैयार कर लेगी। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में पांच अहम सेल किसान, युवा, एससी, बीसी और महिला सेल की घोषणा की जा चुकी है। इन सभी सेल के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द की जाएगी। इनेलो नेता अभय चौटाला की ओर से बार-बार उठाए जा रहे सवालों के जवाब में बृज शर्मा ने कहा कि रोहतक की मीटिंग में पहले ही यह तय हो चुका है कि जेजेपी ओमप्रकाश चौटाला की फोटो लगाएगी।

## जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान 15 मई 2025 को थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए-2 के सह उप निरीक्षक वेद प्रकाश तथा पुलिस दल ने निरीक्षक अनील कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी परवेश निवासी गाँव ब्बयाल थाना महेशनगर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री, (मैनपाल कश्यप )**
**वधायक एवं** गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप आज विधानसभा क्षेत्र के गांव नठौड़ी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने गांव में जोगी व कश्यप समाज की चौपालों के लाखों रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन गांव की सरपंच बलजिंदर कौर से करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गांव में पहुंचने पर फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।
विधायक रामकुमार कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा



ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नई सडकों के निर्माण से लेकर पुरानी इमारतों के नवीनीकरण तक सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चौपालों के सौन्दर्यकरण करवाकर ग्रामीणों की पुरानी मांग को पूरा कर सौगात दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपालों का विशेष महत्व है। चौपालें वह स्थान हैं जहां ग्रामीण एकत्रित होकर अपने विचार साझा करते हैं और गांव से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं।
विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को निरंतर बढ़ावा दे रही हैं। आज महिलाएं हर निर्णय में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और जिन गांवों में महिलाएं सरपंच हैं, वहां विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा महिलाओं के अधिकारों को सशक्त करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। वर्तमान में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं और अनेक महिलाएं आज उच्च राजनैतिक एवं प्रशासनिक पदों पर विराजमान हैं।
गांवों को मिल रही हैं शहरों जैसी सुविधाएं
विधायक कश्यप ने कहा कि आज गांव विकास की ओर तेजी से अग्रसर हैं। गावों में भी शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला में लगाए जाएंगे ज्यादा से ज्यादा पौधेः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने संस्कारों का समावेश करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ष्एक पेड़ मां के नाम 2.0 पहल का शुभारंभ किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग एवं सतर्क है।डीसी उत्तम सिंह ने सोमवार को करनाल लघु सचिवालय सभागार में इस अभियान को जिला में अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक से पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी ने



वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इसे अभियान को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्त को आगामी प्लान बनाकर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे आगे बढ़ाने में योगदान देने का कार्य करें। राष्ट्रव्यापी इस अभियान में करनाल जिला के हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहे इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं।
उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत जिला में अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा जाएगा। उन्होंने जिला के सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला की एसटीपीए जलघर आदि क्षेत्रों में भी पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा स्कीम के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। इसके अलावा जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, नेशनल ग्रीन हाईवे मिशन के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। डीसी ने वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस अभियान के साथ आमजन को जोड़ते हुए उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पौधरोपण गतिविधियों को जियो.टैग करें साथ ही मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड करें। उत्तम सिंह ने कहा कि सभी आमजन एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेशभर में महापौधारोपण अभियान चलाकर सार्वजनिक चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति सक्रिय है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा। हमें आने वाली पीढ़ी के बारे में भी सोचना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना दायित्व अवश्य निभाना चाहिए। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक एक पेड़ मां के नाम से अवश्य जुड़े और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।डीएफओ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि वन विभाग द्वारा जिला में 8 नर्सरियां बनाई गई है।

## ईद अल-अजहा पर अनोखी पहलः स्कूल जाने वाली बच्चियों को साइकिल गिफ्ट कर मनाया गया त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
जहाँ ईद अल-अधा को कुबार्नी और इंसानियत के जज्बे के साथ मनाया जाता है, वहीं इस बार त्यौहार को कुछ खास और समाजिक तरीके से मनाया गया। चेयरमैन परवेज अख्तर की निगरानी में सैयद जाकिर हुसैन के नेतृत्व में एक सराहनीय पहल करते हुए एक दर्जन से ज्यादा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों को साइकिल गिफ्ट की गई।
इस मुहिम का मकसद उन बच्चियों की मदद करना है जिन्हें रोजाना स्कूल आने-जाने में काफी



मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह साइकिलें उन बच्चियों के लिए एक तोहफा ही नहीं, बल्कि उनकी तालीम की राह को आसान बनाने का जरिया भी हैं।
सैयद जाकिर हुसैन ने इस मौके पर कहा, "हमारा मकसद यही है कि हमारी बेटियाँ बिना किसी रुकावट के शिक्षा हासिल कर सकें। आज का ये छोटा-सा तोहफा, कल इनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगा।"
इस अवसर पर बच्चियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और बेटियों की हौसला अफजाई करने वाली इस मुहिम की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।

## न्यूज फ्लैश

### मिशन लाइफ विषय पर एक क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**यमुनानगर/(धर्मबीर)**– राजकीय महाविद्यालय छछरौली में एनसीसी यूनिट की तरफ से मिशन लाइफ विषय पर एक क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिशन लाइफ यानी पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल कैसा हो पर आधारित है। मिशन लाइफ अभियान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक स्थाई और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजीव कुमार की अध्यक्षता तथा केयर टेकर प्रोफेसर रजनी गोयल के दिशा निर्देशन में किया गया

### मुंडलाना खंड के सरपंचों ने बिजेंद्र मलिक और प्रदीप सांगवान को दिया ज्ञापन



**गोहाना, नरेश शर्मा**

**सोमवार** को मुंडलाना खंड के सभी सरपंच मुंडलाना ब्लाक में सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सांगवान की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। वहां पर सभी ने भाजपा के गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक एवं बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। सरपंचों ने अपने अपने गांव की ग्रांटों और समस्याओं के लिए बिजेंद्र मलिक तथा प्रदीप सांगवान को ज्ञापन सौंपा। मलिक और प्रदीप सांगवान सभी मांगो को संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर उनके साथ भाजपा मुंडलाना मंडल के अध्यक्ष इंदरपाल,डॉ.राममेहर राठी,राजू मातंड,सरपंच जस्सा प्रधान,भीम,रामनिवास सांगवान,सत्यवान भादोटी,मनोज कुंडू,संदीप लठवाल,रमेश जागसी,पाला,भूरू,धर्मवीर,नरेंद्र चहल,आदि उपस्थित रहे।

### दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल व फरमान निवासी देवडू के है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर निवासी दीपक ने पांच अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह यूनिक गार्ड में काम करने के लिए आया था।

# मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की हुई मीटिंग

**एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत राज्य में पेड़ों के लगाए जाने को लेकर तैयारियां बारे जिलेंवार विस्तार से समीक्षा की**

**समीक्षा बैठक**

**उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कि अध्यक्षता की**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान के दृष्टिगत चण्डीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कि अध्यक्षता की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत राज्य में पेड़ों के लगाए जाने को लेकर तैयारियां बारे जिलेंवार विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
मुख्य सचिव ने बैठक कि अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान के तहत पेड़-पौधों को लगाए जाने को लेकर किए जा रहें कार्य एवं तैयारियां बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने इस अभियान के तहत जिलेवार निर्धारित लक्ष्यों, पौधों कि उपलब्धता, विभागों मे पौधे लगाने कि संख्या, जहां-जहां पौधे लगाए जाऐंगे उन स्थानों का चयन व अन्य संबंधित विषयों से जुड़ी विस्तार से जानकारी हासिल की और इस अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
एसडीएम दर्शन कुमार ने वीसी के दौरान मुख्य सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान के तहत अंबाला में आठ लाख पचास हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर प्राथमिकता के आधार पर सभी तैयारियां की जा रही है। लक्ष्य के अनुसार पौधो की संख्या जिले की 11 नर्सरियों में पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। संबंधित विभागों को इस अभियान के तहत पौधे लगाने, स्थानों का चयन व अन्यों कार्यो बारे निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो दिशा-निर्देश वीसी के माध्यम से प्राप्त हुए है उनकी अनुपालना करते हुए तेजी से कार्य किए जाऐंगे। वीसी के उपरांत एसडीएम दर्शन कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा किए जा रहें कार्यो बारे विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी दिशा-निर्देश वीसी द्वारा प्राप्त हुए है उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यो को करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य मे किसी भी तरह की देरी व लापरवाही न बरती जाए।
उन्होंने कहा कि संबंधित सभी विभाग पौधे लगाने की दिशा में अपने कार्यालयों परिसर व विभाग से जुड़े स्थानों को चयनित करें ताकि समय रहते अधिक से अधिक पौधें लगाए जा सकें। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्यो को पुरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे अनूठी व सार्थक पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी कड़ी मे प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे जिले मे पेड़ लगाने का जो लक्ष्य रखा गया है सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तत्परता से कार्य करना है।

## हवन व पौधारोपण के साथ महापौर आवास का हुआ उद्घाटन



**जन सुविधा**

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने महापौर आवास के उद्घाटन पर मेयर सुमन बहमनी को बधाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर)--**
यमुनानगर में महापौर के आवास पर आम जन की सुविधा के लिए कार्यालय का शुभारंभ किया गया। हवन में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, आयुष विभाग के पूर्व निदेशक सतपाल बहमनी आदि ने आहुति डालकर कार्यालय का शुभारंभ किया। मेयर सुमन बहमनी ने उद्घाटन समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों, निगम पार्षदों, भाजपा पदाधिकारियों व अन्य को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे वितरित किए।
कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने महापौर आवास के उद्घाटन पर मेयर सुमन बहमनी को बधाई दी और कहा कि आज से यह कार्यालय हर नागरिक के लिए खुला रहेगा। पर्यावरण संरक्षण व एक पौधा मां के नाम के साथ कार्यालय में पौधे रोपित करना सभी के लिए सुखद अहसास है। हम सभी को अपनी मां के नाम से एक पौधा जरूर रोपित करना है। मेयर ने कहा कि यह कार्यालय किसी पद या व्यक्ति का नहीं, यह जनता की सेवा के लिए जनता का अपना कार्यालय है। हवन और पौधारोपण न केवल परंपरा हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, पर्यावरण और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी का प्रतीक भी हैं।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण होगा आज

**सुनवाई**

**अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल करेंगे।
उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

## ऑल वेदर स्वीमिंग पूल चलाने के लिए विज ने लिया संज्ञान

**कड़ा संज्ञान**

**स्वीमिंग करने वाले बच्चों ने विज को स्वीमिंग पूल बंद होने को लेकर की थी शिकायत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में बंद पड़े ऑल वेदर स्वीमिंग पूल को लेकर कड़ा संज्ञान लिया है।
कैबिनेट मंत्री अनिल विज से स्वीमिंग करने वाले बच्चों ने उनसे मुलाकात करते हुए स्वीमिंग पूल बंद होने की शिकायत की। इसपर मंत्री अनिल विज ने तुरंत राज्य के खेल मंत्री गौरव गौतम से बात की। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि ह्लकुछ बच्चे मेरे पास आए थे जिन्होंने बताया कि वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वेदर स्वीमिंग पूल नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा यह स्वीमिंग उन्होंने बनवाया था और वह सुनकर हैरान हो गए कि बच्चे स्वीमिंग पूल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं और यह बंद हो गया हैह्व। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस मामले में उन्होंने राज्य के खेल मंत्री गौरव गौत्तम से फोन पर बात की और कहा कि यह गलत बात है। इसलिए आप इसपर संज्ञान लें तथा अब तक स्वीमिंग पूल बंद व इसका टेंडर नहीं होने पर जिला खेल अधिकारी (डीएसओ) के खिलाफ कार्रवाई करें। मंत्री अनिल ने कहा कि अब कम समय में टेंडर नहीं हो सकता इसलिए उन्होंने खेल मंत्री से अनुरोध किया कि स्वीमिंग पूल को सरकार द्वारा स्वयं चलाना चाहिए।
वहीं कैबिनेट मंत्री अनिल विज को फोन पर खेल मंत्री गौरव गौत्तम ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि विज साहब आप बच्चों को कह दो कि शाम से स्वीमिंग पूल चालू हो जाएगा और सरकार इस स्वीमिंग पूल को स्वयं चलाएगीह्व। विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का निर्माण किया गया था।

## हथनी कुंड बैराज पर पांच दिवसीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**शिविर**

**हथनीकुंड बैराज पर पांच दिवसीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर)– राजस्व** एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा हथनीकुंड बैराज पर पांच दिवसीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया गया यह प्रशिक्षण 9 जून से 13 जून तक दिया जाएगा। 5 दिन तक चलने वाले इस बाढ़ राहत प्रशिक्षण में पूरे राज्य से 51 प्रशिक्षणार्थी व 13 प्रशिक्षिक भाग ले रहें है। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम छछरौली रोहित कुमार द्वारा किया गया। एस.डी.एम. ने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि हर तैराक को चाहिए कि वह पानी में उतरने से पहले अपनी ऊर्जा पानी से ज्यादा बना कर रखे ताकि पानी पर विजय प्राप्त की जा सके, इसके लिए हर तैराक को मानसिक रूप से तैयार रहना है। एक अच्छा तैराक किसी के जीवन को बचा सकता है। जब भी बाढ़ जैसी आपदा आती है तो प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति ही बाढ़ में फंसे लोगों की बेहतर ढंग से सहायता कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण लेने से जहां व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है वहीं उसमें निपुणता आती है।
उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा व समाज की रक्षा के लिए ऐसे प्रशिक्षणों को जरूर सीखना चाहिए और जब प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक आपदा आती है तो ऐसे में आपदा से सही समय पर सही ढंग से निपटने के लिए बेहतर नेतृत्व की आवश्यकता होती है क्योंकि आपदा के आने पर बेहतर नेतृत्व लोगों को मिल जाए तो आपदाओं से निपटने में लोगों को तत्काल सहायता मिलती है।

## रेजिडेंस वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा सैक्टर-15 में करवाया योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर)**– जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार के द्वारा रेजिडेंस वैलफेयर एसोसिएशन, सैक्टर-15 में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें प्लाई मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के चैयरमैन सतीश चौपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सतीश चौपाल ने आयुष विभाग से आए डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शिव कुमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के नेतृत्व में योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास हर सोसायटी, वार्ड, कॉलेज एवं पार्कों व संस्थाओं में करवाया जा रहा है और इस कार्य द्वारा सभी जनमानस को आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है जोकि एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस मौके पर रंजना, सुशील, सुरेश चौपाल, धनीराम काम्बोज, संजय काम्बोज उपस्थित रहे।

### नकदी, मोबाइल व दोपहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने घर के अंदर घुसकर नकदी, मोबाइल व दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ बुद्धा व रोहित निवासी गांव बाघडू के है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। गांव बाघडू निवासी रेशमा ने गत 6 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह रात को बच्चों के साथ कमरे में सो गई थी। सुबह उठी तो दूसरे कमरे में सामान बिखरा मिला।

## डीसीपी ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण





**दिशा-निर्देश**

**पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का मूल्यांकन किया और आवश्यक समझा, वहां आवश्यक निर्देश भी दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ मैनपाल:** रविवार देर रात पंचकूला की नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सृष्टि गुप्ता ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए अचानक औचक निरीक्षण किया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता रात करीब 11 बजे से तड़के 2 बजे तक सिविल ड्रेस में बिना किसी पूर्व सूचना के शहर के प्रमुख नाकों पर पहुंचीं और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और वाहन चैकिंग की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि पुलिसकर्मी कितनी सतर्कता से ड्यूटी कर रहे हैं उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे हमेशा सतर्क रहें और प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की गहनता से जांच करें। डीसीपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आम जनता के साथ व्यवहार में भी शालीनता और समझदारी होनी चाहिए। पुलिस उपायुक्त सृष्टि ने ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों की रोकथाम के लिए विशेष रूप से लगाए गए नाकों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एल्कोसेंसर किट की कार्यक्षमता की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही बैरिकेडिंग, रोशनी की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का मूल्यांकन किया और जहां आवश्यक समझा, वहां सुधार के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

## दयालबाग में डिवाइन किड्स समर कैंप का समापन समारोह संपन्न



**उपहार**

**पर्यावरण दिवस मनाते हुए सभी बच्चों को अनिल जैन द्वारा सर्टिफिकेट के साथ साथ पौधे भी उपहार के रूप में दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम 36-37, दयाल बाग से अंबाला सब्जोन डॉयरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित *डिवाइन किड्स समर कैंप* का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह कैंप 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये था। इसका उद्देश्य विशेष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास रहा, जिसमें बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें और अच्छा महसूस कराएं सिखाना तथा आज के तनाव भरे माहौल में सदा रिलैक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना रहा। समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार डांस, संगीत, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट और मेमोरी पॉवर इनक्रीस आदि विभिन्न गतिविधियों को सीख कर अपनी-अपनी प्रतिभा और कौशल का विकास किया। इसी के साथ बच्चों को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन साइंटिस्ट एवम् उद्योगपति डॉक्टर अनिल जैन जी की उपस्थिति में पर्यावरण दिवस मनाते हुए सभी बच्चों को अनिल जैन जी द्वारा सर्टिफिकेट के साथ साथ पौधें भी उपहार के रूप में दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था का संसार को साफ सुथरा रखने में विशेष योगदान रहता है, ये बहनें बाहरी गंदगी की सफाई के साथ साथ इंसान की आंतरिक सफाई अर्थात आत्मा की सफाई का कार्य भी करती है। इस कैंप में फैकल्टी मेंबर के रूप में राजयोगिनी बीके प्रीति दीदी, राजयोगिनी बीके शैली दीदी, डॉ अनमोलिका, ज्योति बतरा, शिवसी हांडा, जसमिता हांडा, नवीनता तलवार व अंजू शर्मा बहन सहित राजयोगी बीके करण भाई, राकेश मेहता, राजवीर व सुनील भाई मौजूद रहे।

## श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने लगाया विशाल भंडारा

**पुण्य**

**15 जून को सेक्टर 15 के रघुनाथ मंदिर में ट्रस्ट द्वारा मासिक कीर्तन कराया जाएगा: राज मित्तल**





**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला/मैनपाल**
**कहते** हैं भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य होता है। और ये सेवा भाव यदि सब में आ जाए तो धरती पर ही स्वर्ग है। इसी सेवा भाव को लेकर श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने 9 जून को सेक्टर 16 के अग्रसेन चौक पर सुबह साढ़े ग्यारह बजे भंडारे का आयोजन किया जिसमें कढ़ी चावल, हलवा, चने और पूरी खिलाई गई। प्रभु इच्छा तक चले इस भंडारे में श्री राम सेवादार ट्रस्ट के सभी सेवादारों ने बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग दिया। राज मित्तल और पुनीत बंसल ने बताया कि 15 जून को सेक्टर 15 के रघुनाथ मंदिर में ट्रस्ट द्वारा मासिक कीर्तन कराया जाएगा जिसमें भक्तों के लिए भजन और प्रसाद दोनों की व्यवस्था रहेगी। समाज सेवा के साथ साथ प्रभु सेवा करना सौभाग्य से कम नहीं। समय पर पहुंचने का निवेदन किया। मुकेश बंसल, राकेश गोयल, विजय गर्ग, पुनीत बंसल, राज मित्तल, परवीन अग्रवाल, विकास गोयल, नरेश सिंगला, राकेश गुप्ता और सुभाष सिंगला आदि सभी की उपस्थिति के लिए ट्रस्ट ने आभार व्यक्त किया।

# सोनीपत के महानगर बनने से शहर के विकास को लगेंगे पंख : विधायक निखिल मदान

## चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** विधायक निखिल मदान ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल सोनीपत में विकास की अपार संभावनाएं हैं, इसके मद्देनजर हरियाणा सरकार ने सोनीपत में विकास को गति देने के लिए एसएमडीए का गठन किया था। आज चंडीगढ़ में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से सोनीपत के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण पर जोर देने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि एसएमडीए में विकास परियोजनाओं के लिए पैसे की कमी नहीं रहने दी जाएगी।उपरोक्त सभी कार्यों के लिए विधायक निखिल मदान ने 04 जून को एसएमडी ए सीईओ एस मोना श्रीनिवासन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी।चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा,सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, राई विधायक कृष्णा गहलावत, गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादयान, नगर निगम सोनीपत मेयर राजीव जैन व प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि बैठक में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले रेवली गांव में 10 एकड जमीन में लगभग 10 करोड़ की लागत से भव्य दशहरा (रामलीला ) ग्राउंड बनाया जाएगा। इसको आज प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है।

साथ ही सेक्टर 4 में 14 एकड़ में विश्वस्तरीय थीम पार्क बनाने के लिए भी सरकार से मंजूरी मिल गई है। इन कार्यों को एसएमडीए विभाग द्वारा प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को सुविधा मिलेगी। विधायक निखिल मदान ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने के लिए मुरथल चौक जी टी रोड से लेकर मुरथल अड्डे तक होगा सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही बहालगढ़ चौक जी टी रोड से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

# जीटी रोड पर सर्विस लाईन पर आटो व ई रिक्शा चालकों से परेशान वाहन चालक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत- दिल्ली** सर्विस लेन पर खड़े आटो व ई रिक्शा जो परेशानी का कारण बनते है। गन्नौर। जीटी रोड चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे चौक पर दिल्ली- पानीपत , पानीपत दिल्ली की सर्विस लेन पर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों द्वारा जाम लगाए जाने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना कि ये हालात तब है जब चंद कदम की दूरी पर ही पुलिस चौकी है। इससे आटो चालकों व ई रिक्शा चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। सर्विस लेन पर आटो व ई रिक्शा खड़ी करनी बंद होने के बाद लोगों की भी आवाजाही आसान होगी।




साथ ही दोनो तरफ से सर्विस लाइन पर आने वाले बड़े वाहन चालकों को खुला रास्ता मिलेगा। उनका कहना कि जी टी रोड चौक पर नजदीक पुलिस चौकी होने के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ने की कोई दिक्कत नही आनी चाहिए। जीटी रोड की दोनो तरफ की सर्विस लेन और सड़कों पर अतिक्रमण है। जीटी रोड पर सुबह दोपहर व शाम को जाम की स्थिति रहती है। सुबह और शाम के समय कई बार जाम जैसे हालात से निकलना पड़ता है। इसका बड़ा कारण सर्विस लेन पर वाहनों के खड़ा होने के चलते ऑटो व ई-रिक्शा के जीटी रोड की मुख्य सड़क पर चलना है। सर्विस लेन पर वाहनों के पार्किंग और दुकानदार भी अपनी दुकानों के आगे रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण किए हुए है। ऑटो के साथ अब ई-रिक्शा भी चलने लगी हैं। सर्विस लेन पर रास्ता नहीं मिलता है।

## न्यूज फ्लैश

### उमस भरी गर्मी के बीच लोड बढ़ा, बिजली के लग रहे कट

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

उमस भरी गर्मी के बीच अब बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। पिछले कुछ दिनों से शहर में बिजली के लंबे अघोषित कट लग रहे हैं। सोमवार को भी दिन भर लंबे बिजली कट लगने का सिलसिला जारी रहा। बिजली संकट के कारण लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। फाल्ट होने की वजह से कट बढ़ रहे हैं। सोमवार की रात 8 बजे से रात 11:30 बजे तक बिजली कट से संबंधित कई शिकायतें दर्ज हुई।

**-उमस बढ़ने से खपत बढ़ी**

उमस बढ़ने के साथ शहर में बिजली की खपत और बढ़ रही है। जिसके चलते बिजली के अघोषित कट और कम वोल्टेज की समस्या ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। जिस वजह से कई जगहों पर फाल्ट हो गए। उन्हें ठीक कर जैसे ही बिजली सप्लाई शुरू की गई तो कुछ देर बाद फिर दूसरी जगहों पर फाल्ट हो जाता है। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर पर ओवरलोडिंग के चलते हर रोज वोल्टेज कम हो जाने की समस्याएं सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि अघोषित कट व ओवलोडिंग की समस्या बढ़ने से वह परेशान हैं।

**लोड की वजह से आ रही है दिक्कत : एसडीओ**

– शहरी बिजली कारर्यालय के एसडीओ अभिषेक कौशिक ने बताया कि लोड बढ़ने की वजह से परेशानी समस्याएं आ रही हैं। जिन जगहों पर बिजली की शिकायतों का समाधान किया जाता है वहां कट लगाने पड़ते हैं। वहीं कई जगहों पर बिजली की नई तारें बिछाई जा रही हैं, जिससे वहां बिजली काटनी पड़ती है। बिजली व्यवस्था में जल्द ही और सुधार होगा।

### *समाधान शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने सुनी जन समस्याएं*

**हांसी (दिनकर गावड़ी)** :झ स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर में समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने की, जिन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।



शिविर में ज्यादातर समस्याएं प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड में त्रुटियों को दुरुस्त करने, तथा खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाने संबंधी रहीं। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार बिढान ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निवारण करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, और ऐसे समाधान शिविरों के माध्यम से जनता को राहत प्रदान करना प्राथमिक उद्देश्य है।

शिविर के दौरान संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया, जबकि कुछ शिकायतों को शीघ्र कार्यवाही हेतु नोट कर लिया गया है। तहसीलदार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा में निष्पादित किया जाए और शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाए।

इस अवसर पर राजस्व, पंचायत, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, नगर निकाय, और कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

उन्होंने नागरिकों को विभागीय योजनाओं और प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी, जिससे लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में आसानी हो। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि जनता के हित में ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

### *अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार*

**हांसी (दिनकर गावड़ी):/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निदेर्शानुसार जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने 31 बोतल अवैध देशी शराब सहित उदय पुत्र देशराज निवासी कोथ खुर्द को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार थाना नारनौंद पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव कोथ खुर्द से 31 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ थाना नारनौंद में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर अवैध शराब को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया।

# जगह के अभाव में अटका हुआ है पुन्हाना का रेस्ट हाउस

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जिले के पुन्हाना उपमंडल में लंबे समय से रेस्ट हाउस की कमी चली आ रही है। लोग इस मांग को कई बार उठा चुके हैं, लेकिन जगह के अभाव में यहां रेस्ट हाउस नहीं बन पाया है। यदि कोई अधिकारी या नेता पुन्हाना में रुकना चाहे तो रेस्ट हाउस न होने के चलते नहीं रुक सकता। मजबूरी में उसे नूंह, फिरोजपुर झिरका या होडल डबचिक की तरफ रुख करना पड़ता है। प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल भी रेस्ट हाउस बनाने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन उस पर आज तक कोई अमल नहीं हो पाया है। लोगों की मांग है कि विधानसभा और



उपमंडल होने के कारण पुन्हाना में रेस्ट हाउस होना चाहिए।

बता दें कि पुन्हाना शहर में कई दशक पहले रेस्ट हाउस बनाया गया था। जो रखरखाव के अभाव और अनदेखी के चलते धीरे-धीरे खंड़हर हो गया। जिसकी जगह कई साल पहले बस स्टेंड को दे दी गई। उसके बाद रेस्ट हाउस के लिए घीड़ा पंचायत द्वारा जगह देने की बात शुरू हुई, लेकिन बात बन नहीं पाई। अब पुन्हाना शहर में पीडब्ल्यूडी विभाग को रेस्ट हाउस बनाने के लिए जगह की तलाश है। लेकिन अभी तक विभाग को जगह नहीं मिल पाई है। तोसीफ खान, रशीद अहमद एड्वोकेट, अरशद हुसैन, तोफीक खान, अमित कुमार, अब्दुल कलाम का कहना है कि यहां बहुत पहले रेस्ट हाउस था। जिसकी जगह बस अड्डा बना दिया गया है। लोग रेस्ट हाउस बनाने की मांग कई बार उठा चुके हैं। अगर किसी वीआईपी या अधिकारी को यहां ठहरना हो तो उसे होड़ल डबचिक की तरफ रुख करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सीएम मनोहर लाल भी कई साल पहले रेस्ट हाउस बनाने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन उनकी घोषणा पर आज तक कोई अमल नहीं हो पाया है। लोगों की मांग है कि रेस्ट हाउस बनाया जाए।

# श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ की बैठक में नए पदाधिकारी हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।**

**श्री** गुरू रविदास विश्व महापीठ की बैठक खेड़ी गुज्जर गांव में जिलाध्यक्ष सुशील धानिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला वरिष्ठ महामंत्री रवि भारतीय ने नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए। जिलाध्यक्ष सुशील धानिया ने बताया कि गुरू रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट हितेन्द्र चौधरी के आदेश पर शामिल किया गया है। बैठक में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर अमित चालिया, बिजेन्द्र छिल्लर, गुलाब सिंह आदि मौजूद थे।

# सतकुंभा धाम पर ज्येष्ठ पूर्णिमा को हठयोग तपस्या की पूर्ण आहुति

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सतकुंभा तीर्थ धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज ने बताया कि 11 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर सिद्ध पीठ सतकुंभा तीर्थ धाम पर धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस दिन संत सत्यवान स्वरूप महाराज द्वारा की जा रही 41 दिवसीय हठयोग साधना की पूर्ण आहुति होगी। उन्होंने इस साधना के अंतर्गत पांच धुने प्रज्ज्वलित कर तपस्या की है, जो योग, संयम और आत्मबल का एक जीवंत उदाहरण है। तीर्थ सत कुंभा के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि वट पूर्णिमा ह्रयेष्ठ के महीने में शुभ दिन है। श्रद्धालु पवित्र जल



में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस अवसर पर संत-महात्माओं, योग साधकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की सेवा की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। विद्वान आचार्य शास्त्रियों के द्वारा मंत्रों का उच्चारण कर विशेष पूजा अर्चना करवाई जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन अम्बावत ने मांगो को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत की बैठक सोमवार को जाट धर्मशाला गन्नौर में ब्लाक प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जयभगवान, ओमप्रकाश, जगबीर, रणधीर, विनोद, राज, जीत मास्टर व रामदिया सहित अन्य किसान नेता शामिल रहे। बैठक के बाद यूनियन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खाद-बीज वितरण के समय जबरदस्ती कीटनाशक दवाएं थोपने पर आपत्ति जताई गई। गांव लल्हेड़ी में दूषित पेयजल सप्लाई



की समस्या का समाधान करने, गांव भिगान में टोल बचाने के कारण अंदर से निकलने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और सड़क पर ब्रेकर बनाने की मांग की गई। इसके अलावा अगवानपुर रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने, गांव पुगथला में टूटा नाला दोबारा बनवाने और जिले की बंद कालोनियों में जमीन की रजिस्ट्री बहाल करने की मांगें रखी गईं। एसडीएम ने यूनियन की जायज मांगो को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

# मृदा एवं जल परीक्षण से भूमि के पोषक तत्वों की मात्रा की मिलती है पूर्ण जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बाबैन/लाडवा (प्रदीप कुमार)**

वरिष्ठ समन्वयक डॉ. बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि मृदा एवं जल परीक्षण के बाद कृषि करने से किसानों को बहुत अधिक लाभ हो रहा है। मृदा परीक्षण से किसानों को अपनी भूमि के अंदर के सभी पोषक तत्वों की मात्रा की जानकारी होने के बाद उन्हें पूरा करना आसान है। जो कम खर्च पर फसल का उत्पादन बढ़ाने में सहयोगी बन रही है। डॉ. सहारण ने बताया कि किसानों का बढ़ता सहयोग और उत्साह इस अभियान की सफलता का प्रमाण है।

# नूंह के जाबांज फौजी ने कंचनजंगा पर फहराया तिरंगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

नूंह जिले गांव उजीना के रहने वाले हर शिखर तिरंगा मिशन के जाबांज नायब सूबेदार नेह पाल सिंह फौजी कंचनजंगा पर्वत पर तिरंगा फहराने के बाद अपने पैतृक गांव उजीना पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने अपने लाडले का भव्य स्वागत किया। नायब सूबेदार ने विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा 8586 ट (28156 फुट) पर भारतीय तिरंगा फहराकर अपना, अपने गांव का व जिले के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। इससे पहले नेहपाल सिंह 28 राज्यों की 49 ऊंची चोटियों पर भारतीय तिरंगा फहरा चुके हैं। पर्वतारोही नेहपाल सिंह के गांव



आने की सूचना जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को लगी वैसे ही,गांव ,संगेल,जाजूका,बझेड़ा, कुर्थला और बेंसी सहित अन्य गांवों के मौजीज लोग और युवा शक्ति डीजे, ढोल नगाड़ों और भारतीय ध्वज तिरंगा लेकर गांव उजीना पहुंच गए। फौजी नेहपाल सिंह के गांव में प्रवेश करते ही भारत माता की जय,नेहपाल फौजी जिंदाबाद के नारों से आकाश गूंज उठा। उसके बाद गांव के लोगो ने अपने लाडले का फूल मालाओं से स्वागत किया और डीजे और ढोल बजाते हुए पूरे गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नेह पाल सिंह फौजी का जगहझजगह पगड़ी बांधकर और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

देश के कई ऊंचे माउंटेन पॉइंट पर फहरा चुके हैं तिरंगा

नेहपाल सिंह ने कहा कि 16 अक्टूबर 2022 से 2 अक्टूबर 2023 तक लगभग 1 साल में उन्होंने और उनकी टीम ने अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, असम, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल राज्यों के ऊंचे माउंटेन पॉइंट पर तिरंगा फहराने का काम किया है। नेहपाल सिंह ने कहा कि वह इससे पहले देश की 28 राज्यों की 49 ऊंची पहाड़ की चोटियों को नापकर वहां पर तिरंगा फहरा चुके है। उनकी इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ कर्नल रणवीर सिंह जमवाल का है, जिनकी बदौलत यह बड़ा मुकाम हासिल हुआ। सेना में भर्ती होने के बाद से ही उजीना गांव के नेहपाल सिंह वर्ष 2011 से ही देश के अलग-अलग राज्यों की ऊंची पहाड़ियों पर तिरंगा फहराने के मिशन में जुटे हुए हैं।

# शहजादपुर क्षेत्र से 55 ग्राम हैरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला/शहजादपुरः** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे अभियान के दौरान नजदीक पुराना बस स्टैंट शहजादपुर लिंक रोड से नशा तस्करी मामले में 7 जून 2025 को सीआईए-नारायणढ के सह उपनिरीक्षक पंकज कुमार व पुलिस दल ने उप निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहम्मद जुनैद निवासी गणेश विहार नजदीक टांगरी बांध थाना महेश नगर जिला अम्बाला को 55 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 3 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पुछताछ की जायेगी।

7 जून 2025 को सीआईए-नारायणढ के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है जिसके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है और आज पुराना बस स्टैंट शहजादपुर के पास लिंक रोड पर मादक पदार्थ बेचने के लिए खडा है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना शहजादपुर क्षेत्र पुराना बस स्टैंड शहजादपुर लिंक रोड पर पेड के निचे खडे संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे 55 ग्राम हैरोइन बरामद की।

# लाखों खर्च होने के बाद भी पुन्हाना नगर पालिका में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

हर साल पुन्हाना नगर पालिका में सफाई के नाम पर लाखों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी शहर सहित आसपास सफाई दूर-दूर तक देखने को नहीं मिल रही है। देखने को मिलते हैं तो केवल कूडे. के बड़े-बड़े ढेर। जबकि पुन्हाना को आकांक्षी खंड में भी शामिल किया गया है। जिससे प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार भी यहां पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर रही है, लेकिन इसके बाद भी इसका असर धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा है। नगर पालिका के अधिकारी व जनप्रतिनिधी भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं।



यही वजह है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणाम में नगर पालिका पुन्हाना पिछले पायदान पर खड़ी है। सफाई को लेकर प्रशासन तथा जिम्मेदार अधिकारियों की आंख खोलने के लिए चार दिवसीय मुहिम जागो जिम्मेदार चला रहा है। इसकी स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम से पता चला है कि स्वच्छता को लेकर सरकार भले ही बड़ी राशि खर्च कर रही है, लेकिन इसका खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। परिणाम अधिकारियों के दावों व प्रयासों की भी पोल खोल रहे हैं जो स्वच्छता को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। दावों से उलट पुन्हाना में स्वच्छता की स्थिति काफी खराब है।नगर पालिका में सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी स्वच्छता में पिछड़े प्रदेश रैंकिंग में पुन्हाना 68वें स्थान पर आया है। यह स्थिति बहुत ही अफसोस जनक है। काफी पैसा बहाने के बाद भी स्वच्छता में सबसे नीचे के पायदान पर है। इससे साफ पता लगता है कि अधिकारी से लेकर नगर पालिका चेयरमैन तक स्वच्छता को लेकर गंभीर नहीं हैं। सड़कों पर खुले में डाल रहे कूड़ाः आंकाक्षी खंड में शामिल होने केबाद भी पुन्हाना में अभी तक नगर लहरवाड़ी और जुरहेड़ा रोड पर लगरहे कूड़े के ढेर, लोग परेशान क्षेत्र में डपिंग स्टेशन ना होने से शहर से लेकर गांवों का कूड़ा जमालगढ रोड पर लहरवाड़ी गांव के पास व जुरहेड़ा रोड पर ठेक गांव के पास डाला जा रहा है। जिससे दोनों जगह कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। जहां पर गंदगी से लेकर मच्छर-मक्खियों से लोग परेशान है। इसके साथ ही यहां पर रहने वाले लोगों के लिए बीमारी का खतरा भी बढ़ रहा है।पुन्हानापालिका द्वारा डपिंग स्टेशन बनाने की योजना कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। करीब 10 वर्ष पूर्व पुन्हाना में गोधोला व लहरवाड़ी रोड पर डपिंग स्टेशन बनाने के लिए जगह भी देखी थी, लेकिन डपिंग स्टेशन बनाने की योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह गई। लाखों की आबादी के बाद भी पुन्हाना में डपिंग स्टेशन नहीं होना बडे. अफसोस की बात है। वहीं डपिंग स्टेशन ना होने से सड़कों पर खुले में कूड़ा डाला जा रहा है।

# सदस्यता अभियान में पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।**

**जेजेपी** हलका अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने सोमवार को खुबड़ू, अटायल, नयाबांस व खेड़ी गुज्जर गांव में कार्यकताओं के साथ बैठक की। सियानंद त्यागी ने बताया कि पार्टी द्वारा 15 जून से 31 जुलाई तक प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पार्टी ने सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने वाले काफी नेता आज वापस जेजेपी के साथ



जुड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करी कि वह फील्ड में उतरकर संगठन को मजबूत करें और साथ ही आमजन की समस्याओं को उठा कर उनका समाधान करवाएं। जेजेपी सदस्यता अभियान के तहत बूथ स्तर पर नए सदस्यों के साथ महिला सदस्य बनाने पर पूरा जोर देगी। इस मौके पर सुधीर धनखड़, जगबीर, ईश्वर सिंह, रामकुमार, उदय सिंह, राजू व ओमप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

# गोपाल नगर में निगम पार्षद ने किया सड़कों का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम द्वारा गोपाल नगर क्षेत्र में नवनिर्मित सड़कों का भव्य लोकार्पण किया गया। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के धीरपुर वार्ड क्षेत्र की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल ने क्षेत्र के गणमान्य निवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। यह विकास कार्य आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान पूर्व विधायक पवन शर्मा की दूरदर्शी सोच एवं उनके विधायक निधि से स्वीकृत हुए फंड का ही प्रतिफल है, जिसे दिल्ली नगर निगम ने सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। इस अवसर पर आदर्श नगर के विधायक राजकुमार भाटिया एवं पूर्व विधायक पवन कुमार शर्मा अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। परंतु उन्होंने क्षेत्रवासियों







को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विधायक राजकुमार भाटिया का प्रतिनिधित्व उनके सहयोगी अश्वनी (आशु) ने अपनी टीम के साथ पूरी ऊर्जा से किया।
कार्यक्रम में इस परियोजना को साकार करने में उनके अथक प्रयासों के लिए पूर्व विधायक पवन शर्मा का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इन नई सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि यह गोपाल नगर के निवासियों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। उपस्थित जनसमूह ने इस कार्य को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए निगम पार्षदा नेहा अग्रवाल ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वार्ड-14 धीरपुर में विकास की यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूँ कि क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारा लक्ष्य एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित धीरपुर का निर्माण करना है और इसके लिए हम पूरी तरह से संकल्पित हैं। इस लोकार्पण समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए आरडब्ल्यूए के सम्मानित पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे, जिनमें अध्यक्ष महावीर बंसल, महासचिव लखविंदर सिंह माथारू, कोषाध्यक्ष पंकज वालिया, सचिव सुभाष राणा, तथा उपाध्यक्ष हरजीत सिंह बब्बू, सुरेंद्र सिंह राजू एवं दीपक बुद्धिराजा, अमृत सिंह अहलूवालिया, विक्रम सोमानी जैसी गणमान्य हस्तियाँ शामिल थीं। आम आदमी पार्टी के संगठन से भी कई वरिष्ठ पदाधिकारी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। इनमें वार्ड-14 (धीरपुर) के अध्यक्ष दिनेश तंवर एवं ऊजार्वान युवा नेता शाहरुख प्रमुख थे। सभी ने एक स्वर में इस परियोजना को क्षेत्रीय विकास में एक नया अध्याय बताया और इसके दूरगामी लाभों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार भी रखें और पार्षद नेहा अग्रवाल के कार्यों की सराहना भी की।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली स्किल डेवलपमेंट सेन्टर का उद्घाटन करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

## दिल्ली की जनता कांग्रेस के शासन को कर रही है याद: बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस** पार्टी का इतिहास रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। यही कारण है कि आज दिल्ली की जनता कांग्रेस के शासन को याद कर रही है। उक्त बातें कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कही। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस की देन है क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर देश का युवा वर्ग बहुताय की संख्या में कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि



दिल्ली में जो आप लो-फ्लोर बसें देख रहे है, बड़े-बड़े फ्लाईओवर देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की देन है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है। इसलिए सभी कांग्रेस का साथ दें और अधिक से अधिक कांग्रेस से जुड़े।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के नीमड़ी कॉलोनी स्थित टीचर पार्क में पेस संस्था और दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी। साथ में है अन्य गणमान्य लोग।

## सभी को करना चाहिए पौधारोपण: गीता जिंगाला





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कॉलोनी में समाज सेविका गीता जिंगाला के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। गीता जिंगाला ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उन पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें फल और फूल मिलते है, वहीं हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें।

## जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का बड़ा फैसला, बनेगा मॉनिटरिंग के लिए नया सॉफ्टवेयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली जल** बोर्ड की परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और किसी भी तरह की देरी को रोकने के उद्देश्य से जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब एक समर्पित सॉफ्टवेयर मॉड्यूल विकसित किया जाएगा, जिसकी मदद से सभी प्रोजेक्ट्स की रोजाना निगरानी (रीयल-टाइम मॉनिटरिंग) संभव हो सकेगी। इस आधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर परियोजना के कार्य की स्थिति, प्रगति, ज़िम्मेदार



अधिकारी और समयसीमा को रोज ट्रैक किया जा सकेगा। सिस्टम यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी स्तर पर देरी न हो और यदि कहीं रुकावट आती है, तो उसकी जिम्मेदारी तुरंत तय की जा सके। **जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि** दिल्ली की जनता को समय पर सुविधाएं मिलनी चाहिए। प्रोजेक्ट्स में देरी जनता के विश्वास को कमजोर करती है। इसलिए हमने यह तय किया है कि तकनीक का उपयोग करके हर योजना की रोज निगरानी हो, जवाबदेही तय हो और समय से पहले काम पूरा हो। हमारा लक्ष्य है, पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम। यह सॉफ्टवेयर एक संरचित वर्कफ्लो पर आधारित होगा, जिसमें हर परियोजना के लिए स्पष्ट चरण, समयसीमा और ज़िम्मेदार अधिकारी निर्धारित किए जाएंगे। इससे संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बन सकेगा और निर्णय प्रक्रिया तेज होगी। सभी कार्यों की डिजिटल एंट्री और अपडेट एक केंद्रीकृत पोर्टल पर दर्ज होंगी, जिससे अधिकारी किसी भी समय योजना की प्रगति देख सकेंगे। यह मॉड्यूल केवल निगरानी का माध्यम नहीं होगा, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनेगा जिससे विभाग में पारदर्शिता आएगी, फालतू कागजी कार्यवाही में लगने वाला समय घटेगा और डेटा आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

## देवेन्द्र यादव ने 9 वर्षीय बेटी के परिवारजनों से मिलकर कांग्रेस परिवार की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 9 वर्षीय मासूम बेटी जिसकी दरिंदगी के साथ हत्या की गई।
परिवार से डी2, नेहरु विहार, मुस्तफाबाद का दौरा करके मुलाकात कर पीड़ित परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए न्याय दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया। दिल्ली में व्याप्त जंगल राज में 9 वर्षीय छोटी लड़की की हत्या करके सूटकेस में बंद करने की घटना दिल दहलाने वाली है, जिसने दिल्ली में ध्वस्त कानून व्यवस्था की





पोल खोल कर रख दी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस 9 वर्ष की बेटी के परिवार को न्याय दिलवाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाऐंगे। दिल्ली कांग्रेस का डेलीगेशन दिल्ली इस मामले पर जल्द पुलिस आयुक्त से मिलकर इस जघन्य घटना सहित दिल्ली में बढ़ते अपराधों, नशे के कारोबार के संबध में कानून व्यवस्था दुरस्त करने के लिए चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केवल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि यह सुनिश्चित करने की भी रहेगी कि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा और अब्दुल रहमान, निगम पार्षद जावेद अंसारी, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज और राजकुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष अली मेंहदी व अन्य मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से बुराड़ी में जनता परेशान: जय प्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस नेता** जयप्रकाश यादव ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा में कई समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जनप्रतिनिधि और प्रशासन की लापरवाही से यहां की जनता को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जहां एक और बुराड़ी में रोड़ो की हालात खस्ता है और लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ता है, वहीं कॉलोनी में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हुए लेकिन जनप्रतिनिधि व प्रशासन इन समस्याओं से बेखबर और मस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार बदली



तो जनता को यह लगा कि शायद विकास कार्य हो, लेकिन बुराड़ी विधानसभा में हालात जस के तस ही है। उन्होंने आगे कहा कि जन प्रतिनिधियों को क्षेत्र की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए जिससे की जनता को परेशान ना होना पड़े। कांग्रेस नेता जयप्रकाश यादव ने आगे बताया कि बुराड़ी क्षेत्र में बड़े नालों की सफाई न होने की वजह से नालियां जाम पड़ी है, नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है जिस वजह से लोगों को परेशान होना पड़ता है।
उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है और विशेष रूप पर बुराड़ी क्षेत्र में जो कालोनियां है, उनमें जो समस्याएं उनके समाधान करने के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए।

## बच्चों को भारतीय संस्कृति से कराये अवगत: रमेश बौनिवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर के समाजसेवी रमेश बैनिवाल ने कहा कि सत्य की हमेशा ही जीत होती है इसलिए हमेशा ही सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसको एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। उन्होंने आगे बताया कि सत्य की राह कठिन अवश्य ही होती है लेकिन सत्य के पथ पर जो व्यक्ति अग्रसर रहता है, वह हमेशा ही उच्च शिखर को छूता है इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सभी सत्य का साथ दें क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है इसलिए सभी



को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए, जिससे कि किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान ना होना पड़े। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी इस पुण्य के कार्य में भागीदारी दें और गरीब व जरूरतमंद लोगों की आवश्यक मदद करें।

## शिरोमणि कमेटी सिख धर्म के प्रचार और प्रसार में पूरी तरह असफल रही: हरमीत सिंह कालका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि पंजाब के 12 हजार गांवों में से 8 हजार गांवों में ईसाई धर्म के प्रचारक पहुँच चुके हैं, जो गरीब और कमजोर सिखों को तरह-तरह के लालच और लोभ देकर ईसाई धर्म में शामिल कर रहे हैं। आज यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पंजाब में



ईसाई धर्म का प्रचार इतने बड़े स्तर पर पहुँच चुका है, लेकिन सिख समुदाय की प्रतिनिधि संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख धर्म के प्रचार-प्रसार की अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि न केवल पंजाब, बल्कि दिल्ली में भी कमेटी ने अपना सिख मिशन स्थापित किया हुआ है, फिर भी इसने दिल्ली के किसी भी इलाके में एक भी सिख प्रचारक नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, पंजाब में सीमित संसाधनों के बावजूद, दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने हाल के समय में 2500 से अधिक सिखों की "अमृत संचार" के जरिए सिख धर्म में वापसी करवाई है।
उन्होंने बताया कि अब उन्होंने निर्णय लिया है और बैठक करके सभी सदस्यों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सिख धर्म के प्रचार-प्रसार की मुहिम तेज करें और "अमृत संचार" के कैंप लगाकर अधिक से अधिक संख्या में सिखों को "खंडे बाटे का अमृत" पिलवाएं।

## भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया है: संजय तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** संजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। आज भाजपा के राज में देश के लोग काफी खुश है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है और भाजपा



के कार्यों व नीतियों की सराहना भी कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय तिवारी ने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा राज में कई विकास कर किये जा रहे है, जिससे की दिल्ली की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# ओलंपिक विजेता मैरी टकर ने कहा- एथलीट्स को तराशने का सुनहरा मौका है शूटिंग लीग ऑफ इंडिया



**नई दिल्ली।** शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की पहली आधिकारिक घोषणा ने जहां देश में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह पैदा किया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट भी इस नए प्रारूप को लेकर काफी उत्साहित हैं। टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट और अमेरिका की स्टार शूटर मैरी टकर ने इस लीग में हिस्सा लेने की अपनी उत्सुकता जाहिर की है। 23 वर्षीय टकर एनसीएए के तहत यूनिवर्सिटी ऑफ केंटकी और वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी की ओर से खेल चुकी हैं। वह जर्मनी की बुंदेसलीगा में साल्टेंडॉर्फ क्लब का हिस्सा रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें टीम फॉर्मेट में खेलने का अनुभव है और यही चीज उन्हें एसएलआई की ओर आकर्षित कर रही है।

मैरी ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, "मैं लीग्स को लेकर हमेशा उत्साहित रहती हूं। एनसीएए और बुंदेसलीगा में खेलने का अनुभव मुझे टीम भावना की अहमियत सिखा चुका है। दर्शकों की मौजूदगी में पूरे टीम के लिए चीयर करना और सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का एकसाथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है।" एसएलआई का पहला सीजन 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजिशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिक्स्ड टीम इवेंट्स होंगे। यह फैसला एनआरएआई की टेक्निकल कमिटी ने किया है। मैरी ने कहा कि, "भारत इस समय शूटिंग में बहुत ऊंचे स्तर पर है। ऐसे में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलने का यह सुनहरा मौका मिलेगा। इससे भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शूटिंग को लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।" टकर ने माना कि लीग में खेलने का मनोवैज्ञानिक पहलू भी खास होता है। उन्होंने कहा, "जो खिलाड़ी पहले से एनसीएए या बुंदेसलीगा में खेले हैं, उन्हें टीम प्रेशर से निपटने में थोड़ी बढ़त होगी। देश या खुद के लिए खेलने से अलग, जब आप किसी शहर या स्कूल की टीम के लिए खेलते हैं तो उस शहर के लोग आपके पीछे खड़े होते हैं। साथ ही, आप अपने साथियों को निराश नहीं करना चाहते। यह मानसिक दबाव का अलग ही रूप होता है।" एसएलआई से उन्हें अपनी व्यक्तिगत शूटिंग में भी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "दुनिया के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ यात्रा और ट्रेनिंग करना मेरे खेल को बेहतर बनाएगा। यह अलग-अलग अनुभव देगा और मुश्किल परिस्थितियों से उबरने की सीख देगा।" मैरी को उम्मीद है कि अमेरिका में भी प्रोफेशनल शूटिंग लीग की शुरुआत हो सकती है। उन्होंने कहा, "हमारे यहां कॉलेज स्तर पर तो टीमें हैं, लेकिन प्रोफेशनल स्तर पर नहीं। अगर एसएलआई के जरिए दुनिया भर के एथलीट्स एक मंच पर आते हैं, तो अमेरिका में भी शूटिंग को एक नई दिशा मिल सकती है, खासकर 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक से पहले यह एक बड़ा कदम होगा।" भारतीय खिलाड़ियों से दोस्ताना रिश्तों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "मैं एलेवेनिल वलारिवन को काफी अच्छे से जानती हूं, और उनका विकास देखना दिलचस्प होगा। साथ ही, अंजुम मौदगिल मेरी अच्छी दोस्त हैं। वह खेल मनोविज्ञान को लेकर काफी सक्रिय हैं और अगर वह युवाओं और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कोई पहल करती हैं तो मैं उसमें जरूर शामिल होऊंगी।" मैरी टकर की यह प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि एसएलआई केवल एक घरेलू पहल नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर शूटिंग स्पोर्ट्स के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है।

## पिता मजदूर, फटे जूतों और घास के बोरों से किया अभ्यास, आज ऊंची कूद में नेशनल चैंपियन हैं पूजा सिंह

**नई दिल्ली :** जब एथलीट पूजा सिंह ने दक्षिण कोरिया के गामी में 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, तो पूरी दुनिया देखती रह गई। प्रतियोगिता के इतिहास में महिलाओं की ऊंची कूद में भारत का यह दूसरा पदक था। उनसे पहले, बॉबी एलॉयसियस एशियाई चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थी। यह जीत इसलिए भी खास है कि भारत का 25 साल का इंतजार खत्म हो गया। साथ ही पूजा एशियाई ऊंची कूद का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गईं। पूजा सिंह की स्वर्णिम छलांग इस बात का शानदार उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प, परिवार व कोच का साथ किस तरह से जीवन में बदलाव ला सकता है।

हरियाणा के एक छोटे-से गांव से एशियाई पोडियम (पदक तालिका में शीर्ष तीन स्थान) के शीर्ष तक की उनकी यात्रा कड़ी मेहनत का प्रतीक है।

## पीवीएल 4 नीलामी: जेरोम विनीत, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने

**कालीकट।** प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) सीजन 4 की नीलामी में रविवार को जेरोम विनीत सी, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार ने सबसे अधिक बोली हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। इन तीनों खिलाड़ियों को प्लेटिनम कैटेगरी में लाख की कीमत पर खरीदा गया। जेरोम विनीत को चेन्नई ब्लिट्ज ने अपनी टीम में शामिल किया, वहीं शमीमुद्दीन को कालीकट हीरोज और विनीत कुमार को कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अपनी टीम में जोड़ा।

**कुल 789 खिलाड़ियों की बोली, 10 फ्रेंचाइजियों ने किए 6 करोड़ से अधिक खर्च :** इस बार नीलामी में कुल 789 खिलाड़ी शामिल हुए, जिन पर 10 फ्रेंचाइजियों ने बोली लगाई। कुल 6 करोड़ 8 लाख 50 हजार की राशि खर्च की गई। हर फ्रेंचाइजी को अपने पुराने खिलाड़ियों को रिटेन करने या उन्हें ऑक्शन पूल में छोड़ने का विकल्प मिला था। विदेशी खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट सिस्टम से किया गया।

**चेन्नई ब्लिट्ज की खरीदारी:** जेरोम विनीत के अलावा चेन्नई ब्लिट्ज ने एम. अश्विन राज, आदित्य राणा और समीर चौधरी को 8 लाख, नाजिल सूर्या को 5.75 लाख, टी. श्रीकांत को 6.5 लाख, तरुण गौड़ा के को 4.25 लाख, कैला विष्णु वर्धन बाबू और नमित एमएन को 3 लाख में खरीदा।

**कालीकट हीरोज ने बनाई संतुलित टीम:** शमीमुद्दीन के अलावा कालीकट हीरोज ने संतोष एस को 11.5 लाख, मोहनुकप्पाण्डियन को 8 लाख, अब्दुल रहीम और मुकेश कुमार को 4 लाख तथा हारिस, किरणराज थेवलिल और उसामा रहमत को 3 लाख में टीम में शामिल किया।

**कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी दिखाई आक्रामकता :** विनीत कुमार के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने जसजोध सिंह को 14.75 लाख, अमलके थॉमस को 6.5 लाख, जानशाद यू को 4.25 लाख, और अयुष पांडे, निर्मल जॉर्ज, सचिन के, हेमंत पी और एलन अशीक वीएल को 3 लाख में खरीदा।

**अहमदाबाद डिफेंडर्स का मजबूत दांव:** अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को 11.5 लाख, अंगमुथु को 11 लाख, अखिन जीएस को 10.25 लाख में खरीदा। अर्शक सिनान को 8 लाख, पी. प्रभाकरण को 3.25 लाख, जबकि ध्रुविल पटेल, अभिनव बीएस और हर्ष चौधरी को 3 लाख में टीम का हिस्सा बनाया।

**बेंगलुरु टॉरपीडोज ने देर से लेकिन बड़ा दांव खेला :** बेंगलुरु टॉरपीडोज ने जिश्नू पीवी को 14 लाख में खरीदा। जोएल बेंजामिन जे 6.5 लाख में टीम से जुड़े, वहीं रोहित कुमार और इबिन जोस को 5 लाख में, हिमांशु त्यागी को 4.25 लाख में और संदीप को 3 लाख में टीम में शामिल किया गया। नितिन मिन्हास को 4.2 लाख में खरीदा गया।

**दिल्ली तूफान ने कई बड़े नामों पर दांव लगाया:** दिल्ली तूफान ने मुहम्मद जसीम को 11 लाख, आयुष को 9 लाख, मन्नत चौधरी को 6.5 लाख, जॉर्ज एंटनी को 5 लाख और अभिषेक राजीव, अविनाश व रिजास केआर को 3 लाख में टीम में शामिल किया।

**हैदराबाद ब्लैक हॉक की बड़ी खरीदारी:** हैदराबाद ब्लैक हॉक ने शिखर सिंह को 16 लाख, अमन कुमार को 11.5 लाख, दीपु वेणुगोपाल को 5.75 लाख, प्रीत करण को 4.75 लाख, राजनीश सिंह, अथुल और दिग्विजय सिंह को 3 लाख में खरीदा।

**कोलकाता थंडरबोल्ट्स की ठोस टीम:** कोलकाता ने पंकज शर्मा को 6 लाख, सजन शेट्टी को 5 लाख, जितिन एन को 5.75 लाख, सूर्यांश तोमर को 4 लाख, लालसुजन एमवी को 6.25 लाख, मुहम्मद इकबाल को 7 लाख, अमित चौधर को 5 लाख और मुहम्मद फवाज एम को 3 लाख में टीम से जोड़ा।

**मुंबई मीटियर्स का संतुलित चयन :** मुंबई ने लाड ओमवसंत और कार्तिक ए को 8 लाख, सोनू, निखिल और विपुल कुमार को 5 लाख, निखिल चौधरी को 4 लाख और अभिनव सालार व योगेश कुमार को 3 लाख में खरीदा।

**गोवा गार्जियंस की रणनीति:** गोवा ने प्रिंस और रमणाथन आर को 8 लाख, विक्रम और दुश्यंत सिंह को 4 लाख, रोहित यादव को 3.5 लाख और जैरी डेनियल को 3 लाख में खरीदा। पीवीएल सीजन 4 की नीलामी में खिलाड़ियों की मांग और टीमों की रणनीति ने एक बार फिर दिखा दिया कि भारत में वॉलीबॉल का क्रेज लगातार बढ़ रहा है।

## मार्क ने अरागोन ग्रां प्री जीतकर पूरा किया परफेक्ट वीकेंड, डुकाटी का पोडियम पर कब्जा

**अल्कानीज (स्पेन)।** डुकाटी के स्टार राइडर मार्क मार्केज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोटरलैंड सर्किट पर उनका कोई सानी नहीं है। उन्होंने पोल पोजिशन से शुरुआत करते हुए अरागोन ग्रां प्री में शानदार जीत दर्ज की और चैंपियनशिप में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। इस जीत के साथ मार्क ने न केवल सीजन की सातवीं जीत हासिल की, बल्कि इस सर्किट पर रिकॉर्ड सातवीं बार जीतकर इतिहास भी रच दिया। उनके छोटे भाई एलेक्स मार्केज ने ग्रेसिनी रेसिंग के लिए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डुकाटी टीम के ही फ्रांसेस्को बगनाया तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह डुकाटी ने पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया।

**सभी सेशनों में दिखाया दबदबा:** मार्क मार्केज ने वीकेंड के हर सेशन — प्रैक्टिस, क्वालिफाइंग, वार्मअप और रेस — में टॉप पर रहकर 2015 जर्मन ग्रां प्री के बाद पहली बार किसी राइडर ने हर सेशन में बढ़त बनाई। उस समय भी ये कारनामा खुद मार्क ने ही किया था। उन्होंने कहा, "यह वीकेंड शानदार रहा। हर सेशन में लीड करना, पूरा फोकस बनाए रखना जरूरी था। एलेक्स और पेको (बगनाया) की रेस पेस तेज थी, लेकिन मैं गैप कंट्रोल करता रहा। भाई के साथ जीत सेलिब्रेट करना बहुत खास था।"

**भाईचारा और सोशल मीडिया पर बना रहा रोमांच :** रेस से पहले दोनों मार्केज भाइयों के बीच सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर मजेदार बहस चल रही थी कि उनकी मां किसे सपोर्ट करेंगी। रेस जीतने के बाद मार्क ने अपनी मां को डुकाटी की लाल शर्ट भेंट की, जिससे मजेदार लम्हा बन गया। रेस के बाद दोनों भाई घरेलू दर्शकों के सामने हाथ में हाथ डालकर डांस करते भी दिखे, जो उनके सम्मान में बनाए गए विशेष स्टैंड में मौजूद थे।

**बगनाया की पकड़ और अकोस्टा की चुनौती :** रेस के शुरुआती मोड़ पर मार्क ने बेहतरीन लॉन्च के साथ बढ़त बनाई और पहले मोड़ में ही लीड ले ली। एलेक्स दूसरे स्थान पर टिके रहे, जबकि तीसरे स्थान के लिए बगनाया और केटीएम के पेड्रो अकोस्टा के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, अनुभव के दम पर बगनाया ने अकोस्टा को पछाड़ दिया। वहीं, केटीएम के ही ब्रैड बिंडर का क्रैश होना टीम के लिए झटका साबित हुआ।

**चैंपियनशिप में बढ़त:** इस जीत के साथ मार्क मार्केज ने अपने भाई एलेक्स पर 32 अंकों की बढ़त बना ली है, जबकि बगनाया अब शीर्ष से 93 अंक पीछे हैं। सीजन के इस पड़ाव पर मार्क की फॉर्म और आत्मविश्वास उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बना रहे हैं।

## दस वर्षीय अतीका ने रचा इतिहास, रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय



**त्रिनेक (चेक गणराज्य)।** भारत की 10 वर्षीय रेसिंग प्रतिभा अतीका मीर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने प्रतिष्ठित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें स्थान पर समाप्ति की और इस प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। स्टील रिंग सर्किट पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अक्सेल जीपी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतीका ने प्रारंभिक समय निर्धारण (क्वालिफाइंग) में अपने समूह में सातवां स्थान हासिल किया। हालांकि, बाद की तीन हीट दौरों में उन्हें दो बम्पर दंड मिले, फिर भी उन्होंने दसवें स्थान पर रहते हुए आगे का चरण पार किया। रविवार को पूर्व-फाइनल के दौरान बारिश होने लगी, और इस मार्ग पर गीली सतह में बिना किसी पूर्व अनुभव के, अतीका ने अपनी असाधारण प्राकृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विश्व के श्रेष्ठ चालकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतिम चरण के लिए स्थान सुरक्षित किया। अंतिम दौड़ और भी कठिन परिस्थितियों में हुई। अतीका ने दसवें स्थान से आरंभ किया, लेकिन शुरुआत में चार स्थान पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए नौवें स्थान पर समाप्त किया। अतीका न केवल भारत की ओर से, बल्कि एशिया की ओर से भी सबसे आगे रहने वाली चालक रहीं। प्रतिस्पर्धा के बाद अतीका ने एक आधिकारिक बयान में कहा "यह सप्ताहांत अद्भुत रहा। दुनिया के श्रेष्ठ चालकों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। सूखे मार्ग पर मेरी गति अच्छी थी और गीली सतह पर भी मेरी प्रगति संतोषजनक रही। मेरी दल और यांत्रिक सहायक (मैकेनिक) आदम ने शानदार कार्य किया। मैं उनकी, अपने माता-पिता और देश के सभी लोगों की आभारी हूं "रोटैक्स यूरो ट्रॉफी (जिसे रोटैक्स मैक्स यूरोपीय प्रतियोगिता भी कहा जाता है) एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग प्रतियोगिता है।

## पाई-पाई के लिए तरस रहा पाकिस्तान, जैसे-तैसे नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा

**कराची :** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके। इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।' पाकिस्तान की टीम पिछले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही थी। टीम 2012 के बाद से ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई करने में विफल रही है। मुजाहिद ने कहा, 'मैं खुद भी खिलाड़ी रहा हूं। मुझे पता है कि जब महासंघ किसी खिलाड़ी का अच्छे से ख्याल रखता है तो वह पूरी तरह से अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करता है।' पीएचएफ ने इसके साथ ही पहली बार मुख्य कोच ताहिर जमां को चयनकर्ता की मदद के बिना 20 सदस्यीय टीम का चयन करने की अनुमति दी। शकील इमाद बट को आठ देशों की प्रतियोगिता के लिए टीम का कप्तान बरकरार रखा गया है जबकि राणा वहीद उप-कप्तान हैं। इस प्रतियोगिता में पाकिस्तान और मेजबान मलेशिया के अलावा फ्रांस, जापान, कोरिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेल्स की टीमें शामिल हैं।

## बीसीसीआई ने घोषित किया घरेलू सीजन और साउथ अफ्रीका-ए सीरीज का संशोधित कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025 के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सीजन और साउथ अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) इस दौरान वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। इस सीरीज का दूसरा टेस्ट, जो पहले कोलकाता में होना था, अब दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से शुरू होगा, जिसे दिल्ली से बदलकर अब कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है। महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वनडे सीरीज के वेन्यू भी बदले गए हैं। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आउटफील्ड और पिचों के मरम्मत कार्य के चलते यह बदलाव किया गया है। अब सीरीज के पहले दो वनडे मैच न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में होंगे, जबकि तीसरा और अंतिम मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका ए पुरुष टीम भारत दौरे पर दो चार दिवसीय और तीन एक दिवसीय मुकाबले खेलेगी। यह दौरा 30 अक्टूबर से शुरू होगा। चार दिवसीय दोनों मुकाबले बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में होंगे, जबकि तीनों एकदिवसीय मैच पहले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने थे, लेकिन अब इन्हें राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है।

## जीत के करीब आकर फ्रेंच ओपन का खिताब चूकने से सिनर का दिल टूटा

**पेरिस :** शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर फ्रेंच ओपन में दमदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में खिताब के बेहद करीब आकर हार का सामना करने से निराश है। गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ सिनर के पास चौथे सेट में तीन मैच प्वाइंट थे लेकिन वह इसे भुनाने में नाकाम रहे। दूसरे वरीय और गत विजेता अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को इटली के 23 साल के सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। चौथे सेट में 22 साल के अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। सिनर ने मैच गंवाने के बाद कहा, 'यह एक अद्भुत ट्रॉफी है, इसलिए मैं ठीक से सो नहीं पाऊंगा।

## 60 मीटर में उत्सव और पवनी, फर्राटा दौड़ में अनेश को स्वर्ण पदक



**बिलासपुर/सोलन :** बिलासपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में पूर्व मंत्री ठाकुर राम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। किशोरों के अंडर-12 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में हमीरपुर के उत्सव ने पहला स्थान प्राप्त किया। ऊना के राजवीर दूसरे और शिमला के सकृत तीसरे स्थान पर रहे। किशोरियों की अंडर-14 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सोलन की पवनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। सोलन की संचिता ने दूसरा और मंडी की कृतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की अंडर-18 वर्ग की एक हजार मीटर दौड़ में हमीरपुर के इशांत पहले, ऊना के नवजोत दूसरे और ऊना के गगनदीप तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में बिलासपुर के अनेश चंदेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कांगड़ा के राजीव दूसरे और मंडी के रोहित तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की एक हजार मीटर दौड़ में चंबा की भोली ने पहला, कांगड़ा की गार्गी ने दूसरा स्थान और हमीरपुर की स्वाति ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। मास्टर की 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर के सुरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। बिलासपुर की रीवा नाइक ने अंडर-10 आयु वर्ग में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। रीवा ने अंडर-10 आयु वर्ग में हीट स्प्रिंट रनिंग में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में बिलासपुर की दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में बिलासपुर की आरुषि ने स्वर्ण जीता। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत, प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव सीपी मेहता, श्याम कौंडल, राज्य खेल छात्रावास प्रभारी मनोज ठाकुर, एथलेटिक कोच संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। शिमला के 26 खिलाड़ियों ने जीते 33 मेडल, सोलन में हुई अंतरराष्ट्रीय कराटे फाइट लीग भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार कोठों में अंतरराष्ट्रीय कराटे फाइट लीग का रविवार को समापन हो गया। इसमें नेपाल और भारत के 356 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें भारत के 22 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शिमला के 26 खिलाड़ियों ने 33 मेडल अपने नाम किए। इसमें ज्योतिरादित्य ने सुपर गोल्ड जीता, अंशुल व आरव ने गोल्ड, शशि, सौम्यक, रास्व, निखिल, दिव्यांश, सना, रुही ने सिल्वर मेडल और तनिष्क, शैव्य, शिवन्या, सना, अर्जुन, नव्या, हर्षिता अविशा, मानवी, अर्जुन, अविशा, शिवांश, यशवर्धन, तनिष्क, ईशान, अर्नव, दिवेश, आश्विक, कियान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस दौरान उन्हें बेस्ट टीम की ट्रॉफी भी दी गई। टीम कोच नारायण सिंह बताया कि खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप के लिए बहुत मेहनत की थी।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भविष्य को लेकर अटकलों पर लगाया विराम



**नई दिल्ली।** सऊदी प्रो लीग क्लब अल-नास्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि कर दी है कि वे अगला सीजन भी इसी क्लब के साथ खेलेंगे। इस घोषणा के साथ ही उनके भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया है। 40 वर्षीय रोनाल्डो ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना तीसरा खिताब हासिल किया, जब पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता। रोनाल्डो ने फाइनल मुकाबले के दूसरे हाफ में अपना 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जिससे मुकाबला 2-2 की बराबरी पर पहुंचा और फिर पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। हालांकि, रोनाल्डो शूटआउट के समय मैदान पर नहीं थे, लेकिन उन्होंने बेंच से अपनी टीम की जीत का जश्न देखा और भावुक हो गए। जीत के बाद रोनाल्डो ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को कहा, "मेरा भविष्य? कुछ खास नहीं बदलने वाला है।" जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या वह अल-नास्र में ही बने रहेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया "हां।" नेशंस लीग खिताब अब रोनाल्डो के यूरो 2016 और 2019 नेशंस लीग जीत के साथ उनकी उपलब्धियों में जुड़ गया है। इस भावुक जीत के बाद रोनाल्डो आंसुओं में नजर आए। हालांकि, उनका नाम 14 जून से अमेरिका में शुरू हो रहे 32 टीमों के फीफा क्लब वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली कई टीमों के साथ जुड़ा था, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे। रोनाल्डो ने खुलासा किया कि उन्हें अमेरिका की कई क्लबों से प्रस्ताव मिले हैं। अल-नास्र के स्पोर्टिंग डायरेक्टर फर्नांडो हिएरो ने हाल ही में कहा था कि क्लब रोनाल्डो के साथ अनुबंध विस्तार को लेकर बातचीत कर रहा है, हालांकि अन्य टीमें भी उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। रोनाल्डो ने दिसंबर, 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड से अल-नास्र का रुख किया था।

**स्पष्ट किया**

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि कर दी है कि वे अगला सीजन भी इसी क्लब के साथ खेलेंगे

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# खरीफ की अन्य फसलों के साथ मोटे अनाज भी मुस्कुराएंगे

**विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दिए जा रहे मोटे अनाजों के बीज के निशुल्क मिनीकिट, 4.58 लाख मिनिकिट के बीजों में से 2.47 लाख किट सिर्फ मोटे अनाजों के**

**प्रगतिशील**

- प्रगतिशील किसानों को अलग-अलग फसलों के बीज के 4.58 लाख मिनी किट निशुल्क बांटने का लक्ष्य रखा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** खरीफ में धान, दलहन और तिलहन (अरहर, उर्द, मूंग तिल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, नाइजर सीड आदि) की फसलों के साथ मिलेट्स यानी मोटे अनाज भी मुस्कुराएंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार खरीफ के मौजूदा सीजन (2025) में प्रगतिशील किसानों को अलग-अलग फसलों के बीज के 4.58 लाख मिनी किट निशुल्क बांटने का लक्ष्य रखा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ये काम चल भी रहा है। ये बीज आम तौर पर संबंधित फसलों को होने वाले प्रचलित रोगों के प्रति प्रतिरोधी होते हैं। प्रगतिशील किसानों को डिमॉन्स्ट्रेशन के लिए इसलिए दिया जाता है ताकि बाकी किसान भी उनकी फसल को देखकर प्रेरणा लें। इसी क्रम ने मिलेटस, श्रीअन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के लिए सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा और रागी के बीजों का मिनी किट भी किसानों को दिया जा रहा है।मिनी किट के रूप में दिए जाने वाले 2.47 लाख सिर्फ मिलेट्स के हैं।

**पोषण के पॉवर हाउस होते हैं मोटे अनाज**

उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों का शुमार विश्व के प्राचीनतम अनाजों में होता है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यता होने की वजह से ये मिलेट्स हमारी थाली का भी हिस्सा रहे हैं। ईसा पूर्व 3000 साल पहले सिंधु घाटी सभ्यता में भी इनके प्रमाण मिले हैं। खेतीबाड़ी और मौसम की सटीक जानकारी देने वाले महाकवि घाघ ने इनकी बोआई के तरीकों के साथ कहीं-कहीं इनकी खूबियों, यहां तक कि इनके रेसिपी की भी चर्चा की है। मसलन बाजरे की खूबी के बाबत घाघ कहते हैं, "उठ के बाजरा यू हंसि बोलै, खाये बूढ़ा जुवा हो जाय।" इसी तरह अपने एक दोहे में वह बताते हैं कि मडुआ के भात के साथ मछली और कोदो के भात को दूध या दही के साथ खाने में कोई जवाब नहीं है, "मडुआ मीन, पीन संग दही, कोदो का भात दूध संग दही)"। करीब डेढ़ दशक पहले हुए एक सर्वे के मुताबिक 1962 में देश में प्रति व्यक्ति मोटे अनाजों की सालाना खपत करीब 33 किलोग्राम थी। हालांकि 2010 में यह घटकर करीब 4 किलोग्राम पर आ गई।

**वैश्विक मिलेट्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 20 फीसद**

*वैश्विक मिलेट्स के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 20 फीसद है। एशिया के लिहाज से देखें तो यह हिस्सेदारी करीब 80 फीसद है। इसमें बाजरा एवं ज्वार हमारी मुख्य फसल है। बाजरा के उत्पादन में भारत विश्व में नंबर एक है। और, भारत में बाजरा उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर एक है। भारत 2018 में ही मिलेट्स वर्ष मना चुका हैं।*

**ताकि भरपूर मात्रा में किसानों को मिले गुणवत्तापूर्ण बीज**

*बीज कृषि निवेशों का प्रमुख घटक है। उत्पादन में इसकी भूमिका करीब 25 फीसद होती है। सरकार का 2018 में भारत में मिलेट वर्ष मनाने के पहले से ही इस पर फोकस है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के आयोजन के पहले गुणवत्ता पूर्ण बीज की उपलब्धता पर और फोकस किया गया। किसानों के मसीहा माने जाने वाले स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण के नाम पर पांच बीज पार्क भी बनाने जा रही है।*

# प्रदेश में लोकभाषाओं को मिलेगा संबल, बनेगा भाषाई मानचित्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाषा संस्थान उत्तराखंड की बोलियों का एक भाषाई मानचित्र बनाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की बोलियों, लोक कथाओं, लोकगीतों एवं साहित्य के डिजलिटीकरण की दिशा में कार्य करने जोर देते हुए कहा कि लिए ई-लाइब्रेरी बनाई जाए। लोक कथाओं पर आधारित संकलन बढ़ाने के साथ ही इन पर ऑडियो विजुअल भी बनाये जाएं। स्कूलों में सप्ताह में एक बार स्थानीय बोली भाषा पर भाषण, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड भाषा संस्थान की साधारण सभा एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति बैठक के अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा एवं साहित्य का बड़े स्तर पर महोत्सव किया जाए, इसमें देशभर से साहित्यकारों को बुलाया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि भेंट स्वरूप बुके के बदले बुक के प्रचलन का राज्य में बढ़ावा दिया जाए।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बख्तियारपुर में गंगा नदी की पुराणी धारा को घुसूरपुर घाट से डडौर घाट तक पुनर्जीवित करने हेतु चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता से जोड़ रही योगी सरकार



**स्वरोजगार**

- 20 हजार की सहायता में 75% ऋण, 25% अनुदान के जरिए स्वरोजगार से जुड़ रहे दिव्यांगजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावशाली पहल की है। इसी क्रम में संचालित "दुकान निर्माण/संचालन योजना" ने प्रदेश के हजारों दिव्यांग नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।

**पुनर्वास के लिए आर्थिक सहायता और स्वरोजगार का अवसर दे रही योगी सरकार**

योगी सरकार की योजना का मुख्य उद्देश्य है दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाना। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 20,000 रुपये तक की धनराशि दुकान निर्माण अथवा संचालन के लिए दी जा रही है, जिसमें 15000 रुपये ऋण व 5000 रुपये अनुदान और दुकान संचालन के लिए 10,000 रुपये की राशि 75% ऋण और 25% अनुदान दिया जा रहा है। योगी सरकार की यह व्यवस्था न केवल लाभार्थियों के लिए वित्तीय संबल बन रही है, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय की शुरूआत करने का आत्मविश्वास भी दे रही है। कई दिव्यांगजन जो पहले केवल सहायता के मोहताज थे, अब अपने दम पर व्यवसाय चला रहे हैं और दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन चुके हैं।

**1046 लाभार्थियों को मिला योगी सरकार की योजना का लाभ**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने इस योजना के लिए 1.06 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया था। योजना का क्रियान्वयन प्रभावी, पारदर्शी और उद्देश्यपरक रहा है। इस राशि में से 1.05 करोड़ रुपये खर्च से कुल 1046 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव यह रहा है कि इससे दिव्यांगजनों में आत्मसम्मान की भावना जगी है। अब वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने में सक्षम हो रहे हैं और समाज में सम्मान के साथ जी रहे हैं। चाय की दुकान, मोबाइल रिपेयरिंग, स्टेशनरी, जनरल स्टोर जैसी विभिन्न दुकानों के माध्यम से इन लाभार्थियों ने न केवल रोजगार पाया, बल्कि अपने आसपास के लोगों के लिए भी प्रेरणा बनने का कार्य किया।

# धोखाधड़ी मामले में बिजनौर निवासी दंपति के खिलाफ केस दर्ज

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने 14 लाख रुपये लेकर बैनामा न करने और रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को बिजनौर निवासी दंपति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मझोला के आजाद नगर में इमामबाड़ा के पास रहने वाले मो. सलमान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। इसमें उनका आरोप था कि पड़ोस में खाली मकान है। उसका सौदा 14 लाख रुपये में मुर्सलीन, उसकी पत्नी फरहा और बढ़ापुर निवासी गुड्डू और उसकी पत्नी शबनम से तय हुआ था। दोनों दंपति ने बैनामा से पहले 14 लाख रुपये लिए थे। रकम मिलने के बाद आरोपितों ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। आरोपितों से रुपये मांगे ती कोई जवाब नहीं मिला।

# मुख्यमंत्री विष्णु ने दूसरे दिन योग से की दिन की शुरूआत



**अभ्यास**

- मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन की शुरूआत की।

उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त संदेश था।

मुख्यमंत्री साय के साथ इस योग सत्र में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी भी शामिल हुए।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें नमग करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 25 लाख रुपए के 101 मोबाइल फोन पुलिस ने किए बरामद



**जौनपुर।** साइबर क्राइम द्वारा साइबर फ्रॉड के 18 ब्यक्तियो के खाते में कुल बीस लाख छः हजार चार सौ नब्बे रुपये वापस कराते हुए 101 गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर मोवाइल स्वामियों के सुपुर्द किया गया है।जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये है।साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने अप्रैल व मई माह में भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्र से पीड़ितों के गुम हुए 101 मोबाइलो को दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार, राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश राज्यों व जनपन जौनपुर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बरामद किया है। वन प्लस, सैमसंग, वीक रेडमी, ओप्पो व रियलमी कम्पनी की मोबाइल है।

**हनुमत धाम** *कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी।*

# सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है भोपाल : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। सम्राट विक्रमादित्य सहित भारतीय संस्कृति से जुड़े सभी गौरवशाली पक्षों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका "कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम" का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में बाबा का धाम बनाने का राम राज बाबा नीब करौरी चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प स्वागत योग्य है। बाबा से जुड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होना सौभाग्य का विषय है। धाम निर्माण का संकल्प एक अध्यात्मिक युग के सूत्रपात जैसा है। उन्होंने कहा कि कैंची धाम की महिमा देश-विदेश में अनुभव की जा रही है। वैश्विक स्तर पर उनके अनुभवों और संदेशों से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। भोपाल का यह धाम सम्पूर्ण प्रदेश और आस-पास के राज्यों के लिए बाबा के आशीर्वाद का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने धाम के लिए डॉ. बृजेश श्रीवास्तव द्वारा भूमि समर्पित करने के लिए उनकी सराहना करते हुए भूमि दान को अनुकरणीय पहल बताया।

